सुविचार

अपनी उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 अंक: 11 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, मंगलवार 8 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com


## राज्य सरकार का फर्ज प्रदेशवासियों को मिले राहत : मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

# 'जन भावना' का हुआ सम्मान अब 50 ज़िलों का हुआ 'हमारा राजस्थान'

## नवीन सृजित जिलों का स्थापना कार्यक्रम : अब 50 जिलों और 10 संभाग का हमारा राजस्थान

## बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित जिला व संभाग के ऐतिहासिक स्थापना दिवस कार्यक्रम






सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/ब्यावर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को प्रदेश के सभी नवसृजित जिलो को दी शुभकामनाएं, उन्होंने कहा विजन 2030 के तहत प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना ही हमारा लक्ष्य, नवसृजित जिलों और संभागों की शिला पट्टिकाओं का अनावरण कर प्रदेशवासियों को सबसे बड़ी सौगात दी। उन्होंने बिडला सभागार में हुए नवसृजित जिलों के स्थापना कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन में आहूति दी और राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए कामना की।गहलोत ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देकर कहा कि नए जिलों और संभागों के सृजन से राज्य की प्रशासनिक इकाइयों का विकेन्द्रीकरण होगा, उनकी क्षमताएं बढ़ेंगी और कानून व्यवस्था अधिक मजबूत होंगी। आमजन के प्रशासनिक कार्य अब नजदीक ही सुगमता से होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए जनभावनाओं में घुली यह राजस्थान की एक नई सकारात्मक शुरूआत है। इससे प्रदेश को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

### हमारा विजन 2030

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1956 में 2 करोड़ की जनसंख्या पर 26 जिले बने थे। वहीं, 67 साल में आबादी 3 गुना बढ़ने के बावजूद 7 ही नए जिलों का गठन हुआ था। अब राज्य सरकार ने जनभावना के सम्मान में प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण के लिए एक साथ 19 नए जिलों का गठन किया हैं। इसके पीछे हर एक प्रदेशवासी का सपना राजस्थान को वर्ष 2030 तक हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कराना है राज्य सरकार गांधीजी के विचारों और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिला गठन समिति का कार्यकाल 6 माह बढ़ाया गया है, जिससे आमजन की न्यायोचित मांगों पर परीक्षण कर पूरा किया जाएगा।

**गारंटी देने वाला प्रदेश है राजस्थान:** गहलोत ने कहा कि जिस तरह पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने देश को खाद्य सुरक्षा. शिक्षा, सूचना और रोजगार प्राप्त करने का अधिकार कानून बनाकर दिया, उसी तरह हमने भी स्वास्थ्य का अधिकार (आर टी एच), राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी) और न्यूनतम 1000 रूपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन का अधिकार राजस्थान के हर पात्र व्यक्ति को दिया है । इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी में 125 दिन रोजगार और महात्मा गांधी नरेगा के 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी है। अब राजस्थान रेगिस्तान नहीं बल्कि गारंटी देने वाला प्रदेश बन गया है।

### राजस्थान में ऐतिहासिक विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 4 साल में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, कृषि, रोजगार, पानी, बिजली सहित हर क्षेत्र का विकास हुआ है।विद्यालय, नए महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों की स्थापना, चिकित्सा केंद्रों की शुरूआत और हर ब्लॉक में रीको क्षेत्र का विकास किया गया है। तीन लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं, साथ ही अलग से कृषि बजट पेश करने के साथ निजी क्षेत्र में हजारों रोजगार, स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए नीतियां सहित पेपर लीक प्रकरणों में सख्त कार्रवाई के प्रावधान किए गए हैं।



### देश में राजस्थान अग्रणी

गहलोत ने कहा कि हमारे कुशल वित्तीय प्रबंधन से योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राजस्थान की योजनाओं और नीतियों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। प्रदेश के पी एच सी, सी एच सी, चिकित्सा महाविद्यालय, विश्वविद्यालय सबसे अधिक खोलने, देश का सबसे बड़ा आई पी डी टावर एस एम एस अस्पताल में बनाने, सबसे पहले पुरानी पेंशन योजना (ओ पी एस) फिर से लागू करने, देश का पहला शांति एवं अहिंसा विभाग स्थापित करने, लगभग 1 करोड़ लोगों को न्यूनतम 1000 रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, दूध, ऊन, सरसों, चना, दाल, सोलर, रिन्युएबल एनर्जी के उत्पादन में सबसे आगे है, साथ ही जी डी पी विकास दर में भी हम दूसरे स्थान पर है।

### नवगठित जिलों और संभाग की स्थापना के साथ वेबसाइट लॉन्च

अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली-बहरोड, बालोतरा, खैरथल तिजारा, ब्यावर, जयपुर ग्रामीण, नीम का थाना, डीग, फलौदी, डीडवाना-कुचामन, जोधपुर ग्रामीण, सलूम्बर, दूदू केकड़ी, सांचौर तथा शाहपुरा के साथ बांसवाड़ा, सीकर और पाली संभाग की स्थापना हुई। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा सभी नवगठित जिलों की वेबसाइट लांच की गई, जिसमें ब्यावर की वेबसाइट का विमोचन भी किया गया - beawar@rajasthan.gov.in जयपुर में हुए इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, मुख्य सचिव उषा शर्मा, जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे ।

### नवीन जिला ब्यावर स्थापना कार्यक्रम धूमधाम, अत्यंत हर्षोल्लास और खुशी की लहर के बीच मिशन ग्राउंड में आयोजित हुआ

मिशन ग्राउंड में आयोजित ब्यावर जिला स्थापना कार्यक्रम में ब्यावर की सभी तहसीलों से जनप्रतिनिधि अधिकारी गण एवं आमजन भारी संख्या में उपस्थित हुए कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई, जिसके बाद 21 पुजारियों द्वारा नवीन जिला ब्यावर की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए पूजा व हवन किया गया । कार्यक्रम की जयपुर से हो रही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में राजस्थानी लोक नृत्य, समूह नृत्य व एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसके साथ समन्वय बनाकर मिशन ग्राउंड के मंच पर ब्यावर के कलाकारों द्वारा भी राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिला स्थापना कार्यक्रम में सभी धर्मों के गुरु व प्रतिनिधियों द्वारा नवीन जिला ब्यावर को आशीर्वचन दिए गए तथा जिले की समृद्धि के लिए अपने-अपने धर्म के मंत्रों का पावन उच्चारण किया गया । इस प्रार्थना में हिंदू समाज से प्रतिनिधि संत गोपाल राम महाराज, मुस्लिम समाज से प्रतिनिधि सैयद मोहम्मद इरफान अशरफी, सिख समाज से प्रतिनिधि हर-देव सिंह, ईसाई समाज से प्रतिनिधि जे.के शर्मा तथा जैन समाज से प्रतिनिधि राजेन्द्र ओसवाल शामिल हुए ।इसके पश्चात उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विपणन मंत्री श्री मुरारी लाल मीणा थे, नवीन जिला ब्यावर के कलेक्टर रोहताश सिंह तोमर द्वारा ब्यावर जिले का स्थापना उद्बोधन हुआ व अधिसूचना का पठन किया गया जिसका मौजूद जनसमूह द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया, साथ ही ब्यावर जिले को समर्पित डाक टिकट का विमोचन भी किया गया ।कार्यक्रम के दौरान बैंड द्वारा निरंतर बजाए जा रहे हैं देशभक्ति के गीतों और आनंदमई ढोल की थाप से वातावरण में खुशी चौगुनी हो रही थी मिशन ग्राउंड में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि विपणन मंत्री मुरारी लाल मीणा, विधायक ब्यावर शंकर सिंह रावत, विधायक मसूदा राकेश पारीक, विधायक जैतारण अविनाश, विधायक आसींद जब्बर सिंह, विधायक भीम सुदर्शन सिंह रावत, विधायक सोजत शोभा चौहान, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य , संभागीय आयुक्त सीआर मीणा, कलेक्टर अजमेर भारती दीक्षित, पुलिस महानिरीक्षक अजमेर लता मनोज, उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह उपस्थित रहे साथ ही जिले की सभी तहसीलों से आए जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय व तहसील के अधिकारी, सभी धर्मों के धर्मगुरु स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि और जिले की तहसीलों व गांव से भारी संख्या में आए आमजन सम्मिलित हुए।

# शालीनता: विधानसभा के अंदर और बाहर हमेशा मर्यादित नजर आए 'ओमप्रकाश हुडला'

## डॉ. किरोड़ी मीणा और गोलमा देवी के तीखे शब्द बाणों का भी हाथ जोड़कर जवाब देते नजर आए 'हुडला'

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/महुआ।** विगत करीब एक दशक से प्रदेश के दौसा जिले में महुआ विधानसभा सीट से नियमित रूप से निर्वाचित होते आ रहे ओमप्रकाश हुडला और राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के बीच आपस में चली आ रही जोरदार राजनीतिक लड़ाई हमेशा मीडिया की सुर्खियों में रही है, वैसे वर्तमान में हुडला निर्दलीय विधायक हैं लेकिन खुद को भाजपा की पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ होना बताते हैं और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के काफी करीबी नेता भी माने जाते हैं दूसरी तरफ राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा की गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में होती है हालांकि राजनीतिक अनुभव और उम्र के लिहाज से हुडला डॉक्टर किरोड़ी से काफी जूनियर माने जा सकते हैं लेकिन विगत एक दशक में उन्होंने जिस तरह से महुआ विधानसभा सीट में विधायक पद पर रहते हुए ऐतिहासिक विकास काम करवाएं उसकी वजह से वे महुआ की राजनीति में निश्चित रूप से इस समय शीर्ष पर हैं इसलिए डॉक्टर किरोड़ी मीणा और ओम प्रकाश हुडला की आपस की लड़ाई में कोई बीच-बचाव करने भी जल्दी से नहीं आता क्योंकि इन दोनों ही नेताओं की आपस की लड़ाई में कोई तीसरा नेता इन दोनों ही नेताओं से दुश्मनी पालना उचित नहीं समझता इसलिए इन दोनों नेताओं के बीच विगत कई सालों से चली आ रही लड़ाई बदस्तूर जारी है।

इन दोनों राजनेताओं की लड़ाई प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भी हमेशा चर्चा का विषय बनी रहती है, विगत कुछ सालों में इन दोनों नेताओं की लड़ाई कम होने की वजह दिनोंदिन बढ़ती जा रही है हालात यह हो गए हैं कि कुछ मौकों पर राजस्थान विधानसभा के अंदर राजस्थान विधानसभा के बाहर भी इन दोनों नेताओं के बीच आपस में बहस बाजी और तर्क वितर्क के दृश्य मीडिया कर्मियों ने भी खूब देखें, दोनों नेताओं की लड़ाई अब राजनीतिक लड़ाई नहीं होकर अब व्यक्तिगत लड़ाई बन चुकी है और इन दोनों नेताओं की लड़ाई में डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा की धर्मपत्नी गोलमा देवी भी अक्सर अपने पति के समर्थन में खड़ी नजर आई कुछ मौकों पर गोलमा देवी की ओर से तर्क वितर्क के दौरान ओमप्रकाश हुडला को चुगने जैसी अशोभनीय बातें भी कही गई लेकिन आपस की बहस बाजी और तर्क वितर्क के दौरान ओमप्रकाश हुडला हमेशा मर्यादित नजर आए और उन्होंने डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और गोलमा देवी दोनों को हाथ जोड़कर अपनी बात कहते हुए भी देखा गया यानी ओमप्रकाश हुडला पूरी तरह से मर्यादित नजर आए, वर्ष 2013 से 2018 की अवधि के दौरान राजस्थान विधानसभा में सदन की कार्रवाई के दौरान कुछ मौकों पर बहस के दौरान गोलमा देवी की ओर से हुडला को चुभने वाले शब्द कहते हुए मीडिया गैलरी में मौजूद पत्रकारों ने सुना और देखा भी लेकिन गोलमा देवी और किरोड़ी मीणा के प्रति अपना सम्मान और आदर भाव दिखाते हुए सदन की कार्रवाई के दौरान भी पूरी तरह से मर्यादित दिखे और मर्यादित भाषा में ही उन्होंने अपनी बात कही कहने का मतलब डॉक्टर किरोड़ी मीणा से भले ही राजनीतिक दुश्मनी हो लेकिन उनका हमेशा अब तक डॉक्टर किरोड़ी मीणा और उनके धर्म पत्नी गोलमा देवी के प्रति मर्यादित व्यवहार और मर्यादित भाषा रही है जो उन्हें एक बड़े राजनेता के रूप में खुद को स्थापित करने में काफी सहायक साबित हुई है ' पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा के सत्र के दौरान भी विधानसभा परिसर में डॉक्टर किरोड़ी मीणा, गोलमा देवी और ओमप्रकाश हुडला के बीच आपस में बहस बाजी का दृश्य देखा गया इस दौरान एक बार फिर से गोलमा देवी ने जबरदस्त तरीके से तीखे शब्द के माध्यम से ओम प्रकाश हुडला पर हमला बोला जवाब में ओमप्रकाश हुडला ने सिर्फ हाथ जोड़कर मर्यादित भाषा में अपनी बात कही, उस समय भी हुडला का का अच्छा और मर्यादित व्यवहार वहां मौजूद पत्रकारों की जुबान पर छाया रहा।




### सांसद किरोड़ी मीणा और ओमप्रकाश हुडला के बीच आपस में लड़ाई का क्या है कारण ?

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव के दौरान डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी के बैनर के तले अपनी धर्म पत्नी गोलमा देवी को महुआ विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा था दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की रहनुमाई में ओम प्रकाश हुडला को पहली बार महुआ से भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा, इस सीट पर काफी रोचक मुकाबला हुआ जिसमें ओमप्रकाश हुडला ने गोलमा देवी को हरा दिया इसके बाद से ही डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा और ओमप्रकाश हुडला के बीच राजनीतिक दूरियां बनना शुरू हुआ जो अब तक कायम है क्योंकि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा पूर्वी राजस्थान के काफी कद्दावर नेता माने जाते हैं और मीणा समाज में भी उनकी अच्छी पकड़ है लेकिन इसके बावजूद भी पहली बार चुनाव मैदान में उतरे ओमप्रकाश हुडला ने उनकी धर्मपत्नी को हराया इस हार को डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और गोलमा देवी अब तक नहीं पचा पाए हैं हालांकि बाद में डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा वापस भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए लेकिन इन दोनों नेताओं की लड़ाई अब भी जारी है, इसके बाद 2018 के विधानसभा चुनाव में डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा की वजह से भारतीय जनता पार्टी ने ओमप्रकाश हुडला को महुआ से टिकट नहीं दिया जिसके फलस्वरूप हुडला ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और वे चुनाव जीत गए, यानी भारतीय जनता पार्टी ने डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा के कहने पर जिस उम्मीदवार को महुआ से अपना कैंडिडेट बनाया उसे भी ओमप्रकाश हुडला से शिकस्त खानी पड़ी इसके बाद से डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने ओमप्रकाश हुडला से अपनी दूरियां और बढ़ा ली। अब महुआ की हालत यह है कि विगत एक दशक में विधायक पद पर रहने के दौरान ओमप्रकाश हुडला ने ताबड़तोड़ हर क्षेत्र और विभाग में विकास काम संपादित करवाएं इसलिए वर्तमान हालातों में महुआ इलाके में वह नंबर वन राजनेता बने हुए हैं यही बात डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा को अखर रही है।

| पूर्वानुमान> | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| 28° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## अपने लाडले जनप्रिय नेता 'अवाना' को देखने उमड़े स्कूल और कॉलेज के खिलाड़ी

# अच्छे खिलाड़ियों को गहलोत सरकार दे रही है नौकरी : विधायक जोगिंदर सिंह अवाना





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नदबई।** राजस्थान में पूरे प्रदेश में राजीव गाँधी ग्रामीण और शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन चल रहा है उसी के अंतर्गत देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने ग्रामीण परिवेश में चल रहे खेलों में शिरकत कर निरीक्षण किया विधायक ने क्षेत्र के गाँव न्यौठा में ग्रामीण ओलंपिक में शिरकत की इस दौरान विधायक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्याअर्पण किया वही मौजूद ग्रामीणों ने विधायक का माला साफा पहना कर स्वागत किया वही विधायक ने ग्रामीण ओलंपिक में भाग ले रहे खिलाडियों का उत्साह बर्धन कर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की ग्रामीण परिवेश में निवास करने वाले हमारे होन हार युवा जो अच्छा खेलने के बाबजूद आगे नही जा पाते उसी को देखते हुए राज्य सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय ने इस खेलों के महाकुंभ ग्रामीण व शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन किया है इसमें खिलाडी अच्छा प्रदर्शन कर आगे बढ़ सकेंगे और राज्य सरकार ने खिलाडियों के लिए बहुत सी योजनाएं चला रखी उनमें अच्छा खेलने वाले युवाओं को सीधे नौकरी के अवसर प्रदान कर रही है और विधायक ने कहा की जीवन में शिक्षा के साथ साथ खेल का भी उतना ही महत्व है खिलाडियों से कहा की खेल को खेल की भावना से खेले ईमानदारी का विशेष ध्यान रखे राजीव गाँधी ग्रामीण ओलंपिक में न्यौठा में 406 कुल पंजीयन हो चुके है जिसमें 38 टीमे भाग ले रही रही जिसमें 8 क्रिकेट टीम है जिसमें 108 खिलाडी भाग ले रहे है और कबड्डी में पुरुषों की 11 टीमों में 122 व महिलाओ की 7 टीमों 74 खिलाडी भाग ले रहे है वही रस्साकाशी में महिलाओ की 12 टीमों में 107 खिलाडी भाग ले रही है ग्रामीण ओलंपिक में महिलाओ का भी उत्साह देखने योग्य है विधायक ने खिलाडियों का उत्साह बर्धन करते हुए खिलाडियों को उनको उज्जवल भविष्य की अग्रिम बधाई प्रेषित की वही ग्रामीणों ने विधायक को विधालय में अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनवाने के साथ साथ अपनी मूल भूत समस्यों से अवगत कराया जिस पर विधायक ने गंभीरता से लेते हुए जल्द जल्द कक्षा कक्षाओं का निर्माण करवाने व ग्रामीणों की समस्या की समस्या जैसे बिजली पानी पेंशन पालनहार जैसी समस्यों को मौके पर ही अधिकारियों से वार्ता कर हर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये इस मौके पर तहसीलदार दिपा यादव, ुड्ड मुकुट सिंह,प्रसिपल महेंद्र शर्मा, पूर्व सरपंच बाबू गुर्जर,सुमरन गुर्जर,पूर्व प.स.स. महेंद्र सिंह,केहरी सिंह , सौरभ न्यौठा,उपसरपंच मंगतु,मोरध्वज सैनी सहित बड़ी संख्या में खिलाडी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## पंचाग

दिनांक: 08 अगस्त 2023 मंगलवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 27:51:36 | |
| पक्ष | कृष्ण | | |
| नक्षत्र | भरणी | 25:31:04 | |
| योग | गण्ड | 16:39:51 | |
| करण | बालव | 15:57:17 | |
| करण | कौलव | 27:51:36 | |
| चन्द्र राशि | मेष | | |
| सूर्य राशि | मिथुन | | |
| दिशा शूल | उत्तर | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:55:49 | |
| सूर्यास्त | 19:08:54 | | |
| चंद्रोदय | 23:44:57 | | |
| चंद्रास्त | 12:40:56 | | |
| राहू काल | 15:51 - 17:30 | | |
| अभिजित | 12:06 - 12:59 | | |
| | **शुभ चोघडिया** | | |
| चर | 09:14 - 10:53 | | शुभ |
| लाभ | 10:53 - 12:32 | | शुभ |
| अमृत | 12:32 - 14:12 | | शुभ |
| शुभ | 15:51 - 17:30 | | शुभ |



**विशेष जानकारी**
**पंचक समाप्त:-कल**

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

## रोशनी : दीपावली पर फिर से सजेगा दुल्हन की तरह अलवर शहर



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रुपेश शर्मा/अलवर।** जिला व्यापार महासंघ की एक मीटिंग महासंघ के जिला अध्यक्ष रमेश जुनेजा की अध्यक्षता में पुरुषार्थी धर्मशाला अशोक टॉकीज पर आयोजित हुई। महासंघ के जिला महामंत्री मुकेश विजय ने बताया की मीटिंग में सर्वसम्मति से तय हुआ कि हर बार की तरह इस बार भी अलवर शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा ।शहर के मुख्य चौराहों को लाइटों एवं चुनरी से सजाया जाएगा। इसके साथ मुख्य बाजारों एवं सड़कों पर रंग बिरंगी लाइटिंग की जाएगी। मीटिंग में महेश खंडेलवाल गोपेश अग्रवाल ,अनिल खंडेलवाल ,बिहारी पाराशर महेश सेठी, सतीश बांडा, मनोज शर्मा (बफार्नी) कृष्ण कुमार खंडेलवाल ,दिनेश खंडेलवाल, अखिलेश गर्ग, गौरव खंडेलवाल, वीरेंद्र भगवती, राजेश बंसल, अतुल शर्मा, रवि जुनेजा ,मनीष रावत ,अशोक गुप्ता राजकुमार सचदेवा द्वारा दीपावली पर शहर को सजाने के लिए अपने-अपने सुझाव सदन के समक्ष रखें।

## छात्र-छात्राओं को लघु फिल्म दिखा कर बाल विवाह के प्रति किया जागरूक

*एस के फाउंडेशन व सिनेमा ऑन व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जागरूक*



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी उपखंड क्षेत्र के शारदा उच्च माध्यमिक विद्यालय धूला मोड़ गोरी बस्सी में एस. के फाउंडेशन सिनेमा ऑन व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड जयपुर द्वारा गुरुवार को कक्षा एक से कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं को यूनिसेफ द्वारा निर्मित बाल विवाह व लैगिक असमानता ,रोड सेफ्टी आदि विषयों पर लघु फिल्म दिखाई गई यह फिल्म बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी व ज्ञानवर्धक लगी इस फिल्म को सभी छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ के सदस्यों ने भी देखा और इस दौरान छात्र छात्राओं की संख्या 180 के लगभग रही और इस दौरान विधालय का सम्पूर्ण स्टाफ मौजूद रहा और इस दौरान विद्यालय द्वारा एस के फाउंडेशन और सिनेमा ऑन व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड के इस प्रयास की प्रशंसा की गई और विद्यालय परिवार की और से आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और इस मौके पर विद्यालय के संचालक जीताराम मीणा, प्रधानाचार्य भरत लाल मीणा,राजेश बारेठ, रामप्रसाद मीणा, राजाराम जाट,कमल कांत सोनी,सुखराम शर्मा,गौरवदीप सैनी सहित सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा और इस दौरान छात्र-छात्राओं में भी काफी उत्साह का माहोल दिखाई दिया।

## सैपऊ उपखंड की ग्राम पंचायत रजौराखुर्द में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का हुआ आयोजन





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**सैंपऊ/अंकित गोयल।** सैपऊ उपखण्ड की ग्राम पंचायत रजौराखुर्द के ठाकुर शिवनारायण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजौराखुर्द में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्र छात्राओं के साथ भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मैदान में दमखम दिखाया जा रहा है। इस बार कुल 440 खिलाड़ियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया जोकि खो खो वॉलीबॉल टेनिस बॉल क्रिकेट कबड्डी और रस्साकशी आदि प्रतियोगिताओं में पूरे जोश व उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर रजौराखुर्द सरपंच प्रतिनिधि श्याम परमार स्थानीय विद्यालय रजौराखुर्द की प्राचार्य श्रीमती पूनम उपाध्याय शारीरिक शिक्षक महेश चंद शर्मा व कमलेश कुमारी टीम प्रभारी लक्ष्मीनारायण रामदास मलखान सरलेश कुमारी सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रजौराखुर्द सरपंच प्रतिनिधि श्याम परमार द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया व टीम के खिलाड़ियों के साथ कबड्डी खेल कर खिलाड़ियों में जोश भर दिया व प्राचार्य द्वारा खिलाड़ियों व ग्रामीणों को खेलों का महत्व बताते हुए खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया खेलों में मैच रेफरी की भूमिका में किशन सिंह अभिषेक तिवारी ने निभाई वॉलीबॉल का पहला मैच महाराणा प्रताप टीम ने जीत हासिल की। इस पर रघुराज परमार राजू परमार बसंता कोहली सिद्धार कोहली देवी राम प्रजापत ओमपाल परमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा में छह दिवसीय एफ एल एन शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन आरपी पुरण चंद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।शिविर प्रभारी एवं प्रधानाचार्य अशोक कुमार तंवर ने बताया की शिविर में दक्ष प्रशिक्षक हैप्पी झाझरिया, योगेश वर्मा, मिट्ठू सिंह चौहान, परमेश्वर प्रजापति ने शिविर में उपस्थित 90 अध्यापकों को दो समूह में बांटकर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के तहत एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, पुस्तकालय का उपयोग, शिक्षण में आईसीटी का उपयोग, मेंटर टीचर के कार्य ,एबीएल किट ,जादू का पिटारा आदि विषयों को श्रव्य दृश्य उपकरणों की सहायता से समझाया और इन विषयों पर चर्चा की, मुख्यअतिथि पुरण चंद ने सभी संभागीय को संबोधित करते हुए कहा की हमें शिविर में प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने विद्यालय में बेहतर तरीके से करके विद्यार्थियों को लाभान्वित करना चाहिए। समापन समारोह में सीबीओ कार्यालय के मदन सिंह एवं अध्यापक शंभू दयाल व्यास ने भाग लिया।

## ब्यावर जिले के स्थापना समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिले के स्थापना समारोह मे यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वर्चुअल सम्बोधन समारोह में ब्यावर,मसुदा,जैतारण ,रायपुर के हजारों नागरिकों ने शामिल होकर अशोक गहलोत का आभार प्रकट किया स्थापना समारोह में अजमेर सरस डेयरी के चेयरमेन रामचंद्र चौधरी, ब्यावर नगर परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा, मेघराज बोहरा, प्रकाश साँखला, भंवरलाल वैष्णव, संजय भाटी, अरविन्द माथुर, सेवादल नेत्री कल्पना भटनागर, रमेश यादव ,एस. सी. जैन अजित काठात मानसिंह काठात रामलाल नगवाड़ा सहित बहुसंख्यक कार्यकताओं ने भाग लिया।

### सड़को का शिलान्यास स्थानीय विधायक के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ

# बीलेटा पंचायत में 1 करोड़ 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क का हुआ शिलान्यास

**विशिष्ट अतिथी के तौर पर रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना व जिला पार्षद गोकुल भाई रहे**

**कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच नवल किशोर गुर्जर के द्वारा की गई**







**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रैणी (अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीलेटा मे सोमवार को 01 करोड 05 लाख के दो डाम्बर सड़कों का शिलान्यास किया जिनमे एक सड़क तो गुगडोद चौराहे से खरखड़ी चावड सिंह सड़क तक तथा दूसरी डामर सड़क सुल्तान बाबा से बाढ़ बीलेटा सड़क तक बनवाई जावेगी।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक जौहरी लाल मीना रहे और विशिष्ट अतिथि रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर व जिला परिषद सदस्य गोकुल राम मीना रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता बीलेटा सरपंच नवल किशोर गुर्जर , सरपंच पलवा प्रतिनिधी कालूराम मीना , ढिगावडा सरपंच कमलेश मीना ने की। इस दौरान सभी अतिथियो का फूल मालाओ और साफा बांध कर स्वागत सत्कार किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बीलेटा उपसरपंच बाबुलाल शर्मा पंचायत समिति सदस्य दिनेश सैनी , ढहऊएईएन शिवराम मीना , पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा , ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा , पूर्व सरपंच चुन्नी लाल बैरवा देवकीनंदन शर्मा ओमप्रकाश शर्मा नरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे तथा मंच संचालन रामकिशन मीना सरपंच फिरोजपुर के द्वारा किया गया।मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय सरपंच नवल किशोर गुर्जर द्वारा एवं आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।


## एडवोकेट अशोक शर्मा का किया स्वागत



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**मंडावर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की निर्देशन में विधि प्रकोष्ठ की अनुशंसा पर रौतहड़िया निवासी एडवोकेट अशोक शर्मा को विधि प्रकोष्ठ का महासचिव नियुक्त किए जाने पर मंडावर में कार्यकताओं ने माला एव साफा पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा की शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी को मैं बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा की क्षेत्र के लोगो ने मुझे छात्र जीवन से ही जो प्यार व स्नेह दिया उसको कभी नही भूल पाऊंगा। उन्होंने कहा कि आपकी सेवा के लिए मैं हमेशा निस्वार्थ भाव से खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर मनोज पारासर,राजेश शर्मा,पवन जोशी, छात्र नेता महेंद्र खड़ोडिया,चेतन चौबे,कुणाल शर्मा, नमन शर्मा, दीपक जैन सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## सर्विस रोड पर डाले जा रहे लेपा से ग्रामीण परेशान



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** सरमथुरा कस्बा से होकर गुजर रहे नेशनल हाइवे संख्या 11 वी मोठियापुरा बायपास के समीप सर्विस रोड पर गेंगसा यूनिटो से निकलने वाले लेपा एवम पत्थरों के बेश्टेज को सर्विस रोड पर डालने से मार्ग अवरूद्ध हो रहा है जिससे आसपास होकर गुजरने वाले राहगीरों को खासी परेशानी करनी पढ़ती हे साथ ही इस संदर्भ में कुछ ग्रामीणों ने बताया के गेंगासा यूनिटों से निकलने वाले लेपा को टैंकर चालको द्वारा सर्विस रोड पर डाले जाने से सर्विस रोड के किनारे स्थित उनके खेतो में आने जाने में भी परेशानी होती है साथ ही लेपा की वजह से खेतो मे होने बाली फसलों को भी नुकसान होता हे साथ ही टैक्टर चालको के द्वारा पत्थरों के बेस्टेज को भी सर्विस रोड के किनारे ही डाल दिया जाता है जिससे पैदल निकलने में भी लोगो को बहुत दिक्कतों का सामना करना पढ़ता है वही समस्या को लेकर ग्रामीणों ने संबंधित उच्च अधिकारियों से समस्या से निजात दिलवाए जाने की बात कही

## 13 साल की बेटी से रेप कर किया गर्भवती

**पाली।** 13 साल की बेटी के साथ पिता ने रेप कर गर्भवती कर दिया। हैवानियत के बाद भी बार-बार उसे धमकाता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पेट में दर्द के बाद उसके गर्भवती होने की बात सामने आई तो माता-पिता ने छुपाना चाहा लेकिन मामला जगजाहिर हो गया। काउंसलिंग के बाद बच्ची ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल करवाकर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## बाड़ी में फ्रेंड्स फिटनेस क्लब जिम का हुआ उद्घाटन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** बाड़ी में आज दिनांक 07-08-2023 सोमवार को सुबह 10 बजे फ्रेंड फिटनेस क्लब जिम का उद्घाटन किया जिम का उद्घाटन माननीय बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा द्वारा फीता काटकर किया गया इस जिम के संचालक राजू सुमन है इसमें अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे यह जिम बाड़ी के सरकारी अस्पताल के सामने स्थित है बाड़ी में पहली बार सभी सुविधाओं से परिपूर्ण अत्याधुनिक जिम है इस जिम में अनेक प्रकार की मशीन लगाई गई है जैसे ट्रेड मिल, क्रासटरेनर, साइकिल, स्मित मशीन, लगपरेशर, प्रेचर एवं मल्टी मशीनें लगाई गई है जिम से होने वाले लाभ शरीर स्वस्थ रहता है मोटापा कम होता है इससे वेट बढ़ता है और घटता है फुल बॉडी में एनर्जी रहती है बीमारियों से दूर रहना और भी कई प्रकार के लाभ है इस अवसर पर विनोद सुमन, अरुन सुमन, लक्की शिवहरे, ज्ञान सिंह मीणा, संदीप गोयल, अजय गर्ग, हासिम खांन, रोहित कैम, भूरा परमार आदि मौजूद रहे

## मदर मिल्क बैंक नवजातो के लिए हो रही जीवनदायिनी साबित : मंत्री टीकाराम जूली





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय परिसर में स्थित आईएमए हॉल में सात दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंत्री जूली ने कहा कि नवजात जरूरतमंद बच्चों को मां का दूध उपलब्ध कराकर मदर मिल्क बैंक जीवनदायिनी साबित हो रहा है। मदर मिल्क बैंक का प्रबंधन सुव्यवस्थित रूप से करके स्टाफ जीवन रक्षक की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने दूध दान करने वाली माताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दूधदान करने वाली माताओं के दूध से किसी बच्चे का जीवन बचता है तो इससे अच्छी बात क्या हो सकती है। इस दौरान धात्री प्रिया को 35 बार एवं कविता को 23 बार सहित दूधदान करने वाली धात्री माताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, ईआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. एन.के अल्वा, डॉ. टेकचंद, डॉ. सोमदत गुप्ता, डॉ. अमनदीप, नर्सिंग अध्यक्ष राजपाल यादव, डॉ. कंचन बत्रा, आंचल मदर मिल्क बैंक मैनेजर पूनम मलिक सहित बडी संख्या में चिकित्सक, मेडीकल स्टाफ एवं दूधदान करने वाली माताएं उपस्थित थी।

## माहिलाओं के साथ उत्पीड़न सहित अनेक मामलों को सुरक्षा सखी पुलिस तक पहुंचाए



सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी।(विनोद धायल)** पुलिस थाना क्षेत्र की मनोनीत सुरक्षा सखियों की बैठक सोमवार को पुलिस थाना स्वागत कक्ष में प्रशिक्षु डीवाईएसपी अनुज डाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें डाल ने कहा कि कहीं भी महिलाओं के साथ कुछ भी गलत होता है तो आप सुरक्षा सखियों का काम है पुलिस तक सूचना देना। थाना द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में अपडेट रहकर सूचनाओ का आदान प्रदान करें। इलाके में बच्चियों स सम्पर्क कर उनकी समस्यओं को सुने और पुलिस तक पहुंचाए। इलाके में बाल विवाह तथा अन्य कई प्रकार की कृतियां हैं जिनसे बच्चियों को मुक्त कराने की कोशिश आप सभी सुरक्षा सखी करो। बैठक में बीट प्रभारी देवीलाल, सुरक्षा सखी शशिबाला स्वामी, संतोष देवी, मुन्नी कंवर, सुशीला, सरोज, मनीषा, कृष्णा, किरण, छोटी, सरिता आदि सुरक्षा सखी मोजूद रही।

## निर्मला देवी सेवा संस्थान का पोस्टर विमोचन



**जयपुर।** निर्मला देवी सेवा संस्थान का 4 अगस्त 2023 को पोस्टर विमोचन हुआ। पोस्टर का विमोचन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया। इस दौरान मंत्री खाचरियावास एनजीओ निर्मला देवी सेवा संस्थान के कार्य की सराहना भी की। इस मौके पर अध्यक्ष प्रिया सोनी, राहुल सोनी, विमल यादव, कुलदीप शर्मा, गौरव राज, उर्मिला जांगिड़, गीत शर्मा, उषा चरनाल, साजन खरडिया, सहित अनेक लोग मौजूद रहे। पोस्टर विमोचन का कार्य महाराणा प्रताप ऑटोडोरियम में किया गया। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एक अलग मंच प्रदान करना है और उनको आगे बढ़ाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है।

मिलेगा एकान्त वातावरण...

# बी पॉजिटिव एनजीओ ने किया लाईब्रेरी का शुभारम्भ

### बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने व स्थानीय स्तर पर उचित वातावरण हेतु पहल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां/शंकरलाल कुमावत।** बी पॉजिटिव संस्थान ने धोलियों का बास ग्राम में बी पॉजिटिव ज्ञानशाला (लाइब्रेरी) का प्रारम्भ किया। बी पॉजिटिव संस्थान ग्रामीण परिवेश के प्रतियोगी विद्यार्थियों विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने व स्थानीय स्तर पर उचित वातावरण व सुविधापूर्ण सुरक्षित अध्ययन केंद्र बी पॉजिटिव ज्ञानशाला (लाइब्रेरी) की शुरूआत की है।बी-पॉजिटिव ज्ञानशाला में विद्यार्थियों को पूर्णत वातानुकूलित हॉल, सुसज्जित फर्नीचर, निगरानी कैमरा आदि सभी सुविधाओं के साथ समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारियों का सानिध्य भी मिलेगा।

ज्ञानशाला का उद्घाटन गांव की प्रतिभाशाली बालिकाओं अंकिता व मुस्कान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गांव की प्रतिभाशाली टोपर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राज यादव ने विद्यार्थियों से समयबद्ध व नियमित सेल्फ स्टडी के बारे में बताया साथ ही बी पॉजिटिव के कार्यों व आगामी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। शैतान यादव ने अपने संघर्ष के अनुभव विद्यार्थियों से साँझा किये।





ग्रामवासियों ने बी पॉजिटिव पदाधिकारी कन्हैयालाल, मोहन चौरिया, रामगोपाल गीला व भगवान स्याँप का स्वागत किया व आभार जताया। सभी ग्रामीणजनों ने बी पॉजिटिव एनजीओ द्वारा गांव को दी गई सौगात के लिए आभार प्रकट किया।

बी पॉजिटिव सदस्य रामनरेशजी यादव ने ज्ञानशाला में 1 वर्ष तक का खर्चा व टैंट, साउंड के खर्च का सहयोग किया है। साफो की व्यवस्था सुरेंद्र रामकुई एवं नाश्ते की व्यवस्था बंसी डागर द्वारा की गयी। इन सभी के सहयोग के कारण हमारी प्रथम ज्ञानशाला 198030 रुपये की लागत से खुल पायी है। भगवान सहाय यादव एवं सदस्य लाल चंद यादव ने भवन, उसका पेंट, टॉयलेट आदि का खर्च उठाया है वो अतुलनीय है। गौरतलब है कि बी पॉजिटिव संस्थान कई वर्षो से लगातार रक्तदान शिविरों के आयोजन, मोटिवेशन सेमिनार कार्यक्रम, प्रतिभाशाली जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक संबल, गरीब जरूरतमंद लोगों के दुर्घटना, अग्निकांड, चिकित्सा व प्राकृतिक आपदा में आर्थिक सहयोग के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को निभाता आया है।

राजस्थान युवा महोत्सव में अलवर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

## रैणी ब्लॉक का नाटक और चित्रकला में द्वितीय तथा कविता लेखन में तृतीय स्थान रहा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर)/ महेश चन्द मीना।** अलवर जिला मुख्यालय पर 07 अगस्त सोमवार को इन्दिरा गांधी स्टेडियम व प्रताप स्टेडियम मे राजस्थान युवा महोत्सव के तहत जिला स्तरीय समारोह जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया जिसमे अलवर जिले के सभी ब्लॉक/पंचायत समितियो से ब्लॉक स्तरीय समारोह मे प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियो ने भाग लिया। रैणी ब्लॉक से नाटक कार्यक्रम मे परबैणी स्कूल की सात लड़किया सामुहिक रूप से प्रस्तुत किए नाटक कार्यक्रम मे अलवर जिले मे द्वितीय स्थान पर रही है और चित्रकला प्रतियोगिता मे डगडगा निवासी काजल शर्मा भी जिले दूसरे स्थान पर रही तथा कविता/स्लोगन लेखन मे टहटड़ा स्कूल से प्रिया कुमारी मीना (खोहरा चौहान) तृतीय स्थान पर रही जिसने रैणी ब्लॉक स्तरीय समारोह मे प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इन सभी प्रतिभावन प्रतिभागियो को अलवर जिला प्रशासन द्वारा प्रताप स्टेडियम मे मेडल तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी ब्लॉक स्तरीय दल प्रभारी मुकेश मीना के द्वारा दी गई है।

## राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का सदस्यता अभियान




सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।(विनोद धायल)** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान ,सदस्यता से सत्ता की ओर कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी सीकर की ओर से सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई ।

लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के द्वारा सीकर संभाग को दिए गए लक्ष्य सदस्य बनाने को लेकर पार्टी के मजबूत कार्यकताओं के द्वारा गांव ढाणी तक जाकर सदस्यता अभियान को पुरजोर तरीके से किया जा रहा है , पार्टी के जिला प्रवक्ता सांवरमल मुवाल ने बताया की सीकर संभाग प्रभारी महेंद्र डोरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सदस्यता अभियान में हनुमान बेनीवाल ने जिस तरह से राजस्थान में पार्टी की स्थापना के पश्चात दलित, शोषित, पीड़ित, अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक जो संघर्ष किया है वह प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कार्यकताओं के द्वारा किया जा रहा है ।जिस तरह से सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई और जो लक्ष्य निर्धारित किए गए ,मजबूत कार्यकताओं के बदौलत सीकर सहित पूरे संभाग में इस लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया ! सदस्यता अभियान के जिला संयोजक विकास पचार ने कार्यकताओं के द्वारा किए जा रहे कार्यो के आधार पर सदस्यता अभियान में सीकर जिले को दिए गए लक्ष्य को जल्दी पूरा करने के बात कही ! पूर्व जिला परिषद सदस्य विजयपाल बगड़िया ने सदस्यता अभियान को पुरजोर तरीके से गांव ढाणी तक पहुंचाने की बात कही, प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलसुख चौधरी ,इंजीनियर भंवर सिंह ,रामदेव चौधरी, मुकेश बेनीवाल, विशन पाल काजला, अनिल गोदारा, गोलू शर्मा ,चेनाराम, उमर खान,नवीन पूनिया सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे

## भाजपा नेता देशराज खरेरा एडवोकेट ने ग्रामवासियों से मुलाकात की

### उन्हें केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रुपेश शर्मा/अलवर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव चिकानी मार्केट में भाजपा नेता देशराज खरेरा एडवोकेट ने ग्राम वासियों से मुलाकात की एवं उन्हें केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। मीडिया से बातचीत करते हुए देशराज खरेरा ने कहां की, " केंद्र की मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा जनता को पहुंच रहा है, जनता जनार्दन मोदी सरकार पर अटूट विश्वास के साथ भाजपा के साथ खड़ी है लेकिन यह दुर्भाग्य है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कारण आज हमारा राजस्थान जंगलराज की राजधानी के रूप में पहचाना जाता है, जो राजस्थान कभी शांतिप्रिय प्रदेश था आज प्रतिदिन बहन बेटियों के साथ दुष्कर्मों की घटनाओं तथा नाकाम कानून व्यवस्था के कारण जंगलराज का प्रतीक बन चुका है, इस जंगलराज को स्थापित करने के पीछे जिम्मेदार केवल राज्य की कांग्रेस सरकार है ! जनता अब यह ठान चुकी है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के कुशासन को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनावों में जड़ से उखाड़ फेंकगी तथा प्रदेश में पुनः सुशासन का कमल स्थापित होगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि वर्ष 2023 के चुनावों में राज्य में भाजपा की बारी बहुमत के साथ सरकार बनेगी और राज्य में रामराज्य स्थापित होगा।

## एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार

**दौसा।** दौसा जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा एक्सप्रेस-वे पर चैनल नंबर 170 धनावड़ रेस्ट एरिया के पास सोमवार सुबह हुआ। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवती घायल हो गई। घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को मॉच्युर्री में रखवाया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के राणा पार्क निवासी राजेश अग्निहोत्री (45) और उसकी बेटी पलक (20) कार से जयपुर जा रहे थे।

## सीएलसी में मित्रता दिवस पर मोटिवेशनल सेमिनार आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सीकर।** सीएलसी सीकर की सबसे आधुनिक और नवनिर्मित इमारत तपोस्थली में मित्रता दिवस के अवसर पर छात्रों को तनाव मुक्त रहने के टिप्स देने के लिए मोटिवेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया कि छात्रों को तनाव मुक्त रहने के टिप्स देने तथा मित्रता की सही परिभाषा समझाने तथा सत्र पर्यंत निरंतर अच्छा करने की प्रेरणा देने के लिए मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में मित्रता की परिभाषा बदल गई है और युवा पीढ़ी आधुनिकता की भागदौड़ में मित्रता को दूसरे रूप में ले रही है। चौधरी ने बताया कि अगर सच्ची मित्रता ही देखनी है तो हमको भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की निस्वार्थ दोस्ती से सीखना चाहिए। चौधरी ने बताया कि परिवार से अच्छा मित्र कोई दूसरा नहीं हो सकता और सीएलसी एक ऐसा परिवार है जो हर घड़ी, हर पल, हर परिस्थिति में आपका साथ निभाएगा। इस अवसर पर सीएलसी निदेशक ने सच्ची दोस्ती को परिभाषित करने वाले भजन और गानों के माध्यम से छात्रों का भरपूर मनोरंजन किया जिसका सभी छात्रों तथा उपस्थित अभिभावकों ने लुत्फ उठाया।

# विधायक ने 6 करोड़ के काम जनता को किए समर्पित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**महवा।** विधायक ओम प्रकाश हुडला ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ और शहदपुर में लगभग 6 करोड़ रुपए की राशि के सडको का शिलान्यास और लोकार्पण किया। जिसमे ग्राम पंचायत शहदपुर में मंडावर रोड उत्तम नगर की ओर सड़क निर्माण राशि 50 लाख ,मंडावर रोड से मुख्य शिव कॉलोनी की गली की ओर सड़क निर्माण 50 लाख ,मंडावर रोड आरा मशीन से रमन के मकान की ओर सड़क निर्माण राशि 50 लाख ,मंडावर रोड बिजली घर से नव रतन वकील की ओर सड़क निर्माण राशि 25 लाख ,इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण मंडावर रोड से बी एल मीना के मकान की ओर सड़क निर्माण राशि 5 लाख ,मंडावर रोड से मोती लाल ठेकेदार के मकान की ओर गणेश विहार कॉलोनी सड़क निर्माण राशि 6 लाख ,अपूर्ण सड़क से हेतराम प्रजापत के मकान की ओर सड़क निर्माण राशि 5 लाख ,रमेश फौजी के मकान के सामने सुमेर सैनी के मकान की ओर सड़क निर्माण 6 लाख ,लल्लूराम के मकान से ज्ञान सिंह राजपूत के मकान की ओर सड़क निर्माण राशि 6 लाख ,मंडावर रोड से विजेंद्र के मकान की ओर सड़क निर्माण राशि 5 लाख इसी प्रकार ग्राम पंचायत रामगढ़ में रामगढ़ से महवा की ओर सड़क एवं नाला निर्माण राशि 2 करोड़ ,मंडावर रोड से कृष्णा कॉलोनी की सड़क निर्माण राशि 30 लाख ,रामगढ़ गाँव के महावर मोहल्ला में सड़क निर्माण राशि 20 लाख ,रामगढ़ रोड से टेलीफोन एक्सचेंज से जयपुर रोड की ओर राशि 50 लाख ,



राउमावि रामगढ़ में कक्षा कक्ष का भूमि पूजन किया जिसकीशिलान्यास राशि 50 लाख ,कृष्णा कॉलोनी में राजेश के मकान से राजेंद्र गुप्ता की ओर सड़क निर्माण राशि 5 लाख ,कँवर योगी के मकान से राजपूत छात्रावास की ओर सड़क का लोकार्पण राशि 5 लाख , राउमावि रामगढ़ के मुख्य द्वार से हुडला सड़क तक सड़क लोकार्पण राशि 3 लाख ,रामगढ़ गाँव से मोती नगर सड़क का लोकर्पण राशि 50 लाख ,इस तरीके से उन्होंने लगभग 6 करोड़ की विकास कार्यो को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा की हमने विधानसभा क्षेत्र में गांव-ढाणी और सुदूर सीमावर्ती क्षेत्र तक सड़कों का मजबूत नेटवर्क तैयार करने का काम किया। उन्होंने कहा की क्षेत्र में विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान कृपाशंकर बैरवा, बनबारी मीना , भजन लाल बैरवा, दिनेश पाटोली सहित बड़ी संख्या में लोग मोजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# भारत के साथ सीमा विवाद हल करे चीन

चीन के साथ भारत के सीमा विवाद का हल दोनों मुल्कों के हित में है। जून 2020 में हुई गलवान घटना के बाद से भारत व चीन के बीच सीमा पर लगातार तनाव है। 18 दौर की कमांडर वार्ता के बाद भी कोई हल नहीं निकला है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा है कि भारत और चीन ने पिछले तीन वर्ष में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव वाले पांच-छह बिन्दुओं पर वार्ता के जरिए प्रगति की है तथा बाकी के मुद्दों को हल करने का प्रयास किया जा रहा है। सीमा पर चीनी सैन्य गतिविधियों को लेकर सरकार लगातार विपक्ष की आलोचना झेल रही है। विपक्ष संसद व संसद के बाहर सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि सरकार चीन के साथ सीमा विवाद हल करने में विफल रही है, सीमा पर चीनी अतिक्रमण बढ़ा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसलिए स्थिति स्पष्ट की है कि पूर्वी लद्दाख में विवाद को हल करने का प्रयास किया जा रहा है और दोनों पक्ष समाधान तलाशने पर काम कर रहे हैं। यह अच्छा संकेत है। दरअसल, भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ बिन्दुओं पर तीन साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई इलाकों से सैनिकों को वापस भी बुलाया है। इसके बावजूद एलएसी पर सैन्य तनाव बरकरार है। इसका हल जरूरी है। हाल में चीनी रुख में भी बदलाव आया है, चीन की तरफ से भारत से रिश्ते बेहतर करने के प्रयास तेज हुए हैं। चीनी विदेश मंत्री भारत दौरे पर आए, एससीओ, ब्रिक्स बैठकों में भारत व चीन के नेताओं के बॉडी लैंग्वेज सकारात्मक रहे हैं। भारत में सितंबर में आयोजित जी-20 की मुख्य बैठक में भी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग शिरकत करने वाले हैं। भारत भी शांति का पक्षधर है और चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाना चाहता है। भारत व चीन के बीच करीब 3488 किलोमीटर की सीमा है, लेकिन सीमा को लेकर भारत व चीन के अपने अपने दावे के चलते विवाद कायम है। सीमा पर चीनी कुराफात के चलते भारत को हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। चीन सीमा पर विवाद को जन्म देकर दूसरे मुल्कों की भूमि हड़पने की अपनी पुरानी चाल को दोहराता रहता है। चीन अपनी भौगोलिक विस्तारवाद की महत्वाकांक्षा के चलते भी सीमा विवाद को हल करने में रुचि नहीं दिखाता है। क्योंकि भारत के साथ अनेक बार वार्ता के बाद भी चीन सीमा पर एक राय कायम नहीं कर सका है, जबकि भारत के साथ सीमा विवाद के हल होने से चीन का भी फायदा ही है। कारण कि भारत और चीन के बीच आपसी व्यापार ड्रैगन के पक्ष में है। इसका मतलब यह हुआ कि भारत जितना चीन को निर्यात करता है, उससे अधिक उससे आयात करता है। चीन ने अपनी सामरिक शक्ति का दुरुपयोग पड़ोसी देशों के साथ सीमा पर विवाद को जन्म देने में किया है। पूर्वी लद्दाख में गलवान की घटना ने चीनी दुर्भावना को उजागर किया। भारत के साथ वह कभी भी भरोसेमंद नहीं रहा। मजबूर होकर भारत चीन से ट्रेड कम करना शुरू किया है और सीमा पर बुनियादी ढांचा विकसित कर रहा है। चीन को चाहिए कि वह भारत के साथ सच्चे मन से सीमा विवाद सुलझाए, ये दोनों के हित में है और वह भारत की स्वतंत्र विदेश नीति व कूटनीति का सम्मान करे। यूएन में अपने वीटो पावर का दुरुपयोग भारत के खिलाफ ना करे। चीन भरोसेमंद राष्ट्र बने।

## मुद्दा
योगेश सोनी



# महिलाओं का गायब होते रहना चिंता का विषय

हाल ही में चल रही देश की गर्म राजनीति में बीते दिनों संसद में महिलाओं व बच्चियों के गायब होने का आंकड़ा नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा पेश किया गया जिसमें देश भर में 2019 और 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 10, 61,648 महिलाएं और उससे कम उम्र की 2,51,430 लड़कियां लापता हो गईं। स्थिति यह है कि 2019 और 2021 के बीच तीन वर्षों में ही देश की 13.13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं गायब हो गईं। गायब होने में सबसे अधिक लगभग दो लाख मध्य प्रदेश से थी, उसके बाद पश्चिम बंगाल से लगभग 1,92,000 गायब हुई हैं। यदि आंकड़ों का और सूक्ष्म रुप से वर्गीकरण करके बताया जाए तो मध्य प्रदेश में 2019 और 2021 के बीच 1,60,180 महिलाएं और 38,234 लड़कियां गायब हो गई हैं। वहीं पश्चिम बंगाल से कुल 1,56,905 महिलाएं और 36,606 लड़कियां लापता हुई हैं। महाराष्ट्र में इस दौरान 1,78,400 महिलाएं और 13,033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा में 70,222 महिलाएं और 16,649 लड़कियां गायब हुई, इसी दौरान छत्तीसगढ़ से 49,116 महिलाएं और 10,817 लड़कियां गायब हो गईं।

केंद्र शासित प्रदेशों की बात करें दो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थिति काफी खराब है। केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के लापता होने की संख्या दिल्ली में ही दर्ज की गई हैं। सरकार की नाक के नीचे दिल्ली में भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां गायब हो रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2019 और 2021 के बीच 61,054 महिलाएं और 22,919 लड़कियां गायब हो गईं हैं, जबकि इसी अवधि में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से 8,617 महिलाएं और 1,148 लड़कियां लापता हो गई हैं। महिला सुरक्षा और बेटी बचाने के नारों के बीच देश भर से बड़ी संख्या में वह गायब भी हो रही है। गायब होने वाली महिलाओं और बेटियों के ताजा आंकड़े काफी चिंताजनक हैं। हम इसे ऊपरी तौर पर समझने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हो पाएंगे, लेकिन आज हम आपको इसकी सच व भयावह कहानी के विषय में बताने जा रहे हैं।

दरअसल देश के कुछ राज्यों से लडकियों को वेश्यावृति के लिए महानगरों व अन्य दूसरे राज्यों के लिए लाया जाता है। जिसमें पश्चिम बंगाल,आसम व मध्य प्रदेश के अलावा भी दो-तीन राज्य और हैं। इन राज्यों की कहानी यह है कि दलाल घरवालों से लड़कियों का काम दिलवाने के नाम पर ले जाते हैं लेकिन और फिर वह लड़कियों का वेश्यावृत्ति के धंधे में उतार देते हैं। इसके अलावा कुछ लोग अपनी मर्जी से ही अपने घर की महिलाओं से यह काम करवाते हैं। यदि हम आंकड़ों की बात करें तो वेश्यावृत्ति में पकड़े जाने वाली अधिकतर लड़कियां बंगाल की मिलती है। बीते दिनों दिल्ली में सेक्स रैकेट में पकड़ी जाने वाली जितनी महिलाएं थी उन सभी के पति शराबी थे। एक महिला ने बताया कि उसका पति पूरे दिन शराब पीता है,कोई काम नहीं करता और घर खर्च के नाम पर एक रुपया भी नहीं देता तो ऐसे में वह क्या करे। महिला ने यह भी बताया कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है तो उसे कोई काम भी नहीं मिलता। इसके अलावा जो आंकड़े हैं उनमें कई तमाम लड़कियां लव-जिहाद की शिकार बनी और वह घर से बिना बताए घर छोड़कर चली जाती हैं। इस मामले में पहले तो घरवाले गुमशुदगी की एफआईआर करा देते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद उनको शादी से संबंधित दस्तावेज कोरियर कर दिया जाता है। बच्चा चोर गैंग ने पूरे देश में आतंक मचा रखा है। बहरहाल, अब इसमें हम सरकार के किरदार व जिम्मेदारी की बात करते हैं तो इसमें शासन-प्रशासन पूर्णत फेल है। चूंकि घटनाक्रम चाहे कोई भी हो लेकिन इतने अधिक आंकड़े सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हैं। यदि कोई मकान मालिक अपने किराएदार की वेरिफिकेशन न कराए और दोनों के बीच कोई घटना घट जाए तो पुलिस मकान मालिक को इतना परेशान कर देती है जैसे उसने कोई बहुत बडा गुनाह कर दिया हो। आपदा से तो मनुष्य लड़ सकता है लेकिन किसी के गायब होने का दर्द कोई भी नहीं झेल पाता। जितने आंकड़े हैं यदि उनमें से दस प्रतिशत ही सही हैं तो भी महिलाओं व बच्चियों के गायब होने की एक बडी संख्या हैं। प्रशासन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग से हेल्पलाइन नंबर व ऐप बनाया है लेकिन इसके बावजूद स्थिति इतनी भयावह क्यों होती जा रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय व अन्य तमाम यूनिट महिलाओं के उत्थान व सुरक्षा के लिए बनाई गई हैं लेकिन बावजूद हाल इतना खराब है तो आखिर देश किस दिशा में जा रहा है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



टीकाकरण
अलका आर्य


# खसरा-रूबेला का उन्मूलन जरूरी

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-2021) के आंकड़े बताते हैं कि इस समय मुल्क में लक्षित आयु वर्ग के 3.8 फीसद बच्चे अटीकाकृत हैं और 19.8 फीसद बच्चे आशिंक रूप से टीकाकृत हैं। आशिंक रूप से टीकाकृत व अटीकाकृत बच्चों पर जानलेवा रोगों व मौत की गिरफ्त में आने का खतरा मंडराता रहता है, जबकि अधिकांश जानलेवा रोगों की रोकथाम के लिए टीके उपलब्ध हैं। भारत सरकार अपने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मुल्क के 0-5 आयुवर्ग के बच्चों को 12 रोगों से रोकथाम वाले टीके मुफ्त में लगाती है। पोलियो की तरह ही भारत दिसंबर 2023 तक खसरा-रूबेला उन्मूलन का लक्ष्य हासिल कर एक और उपलब्धि हासिल करेगा।

टीका का मतलब-सुरक्षा। टीका जीवन बचाता है। टीका बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से बचाता है। भारत का लक्ष्य सार्वभौमिक टीकाकरण के तहत सालाना 3 करोड़ गर्भवती महिलाओं और 2.7 करोड़ नवजातों को टीके लगाना है। इसमें कोई दो राय नहीं कि नियमित टीकाकरण भारत की सफलता की कहानियों में से एक है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 ( 2015-2016) के अनुसार 12 से 23 माह के आयुवर्ग के बच्चों में पूर्ण टीकाकरण की दर 62 प्रतिशत थी और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-2021) के अनुसार यह दर बढ़कर 76 प्रतिशत हो गई। खास बात यह है कि कोविड-19 महामारी के चलते बाल टीकाकरण दर में जो कमी आई थी, उसे भी बहुत हद तक दुरस्त कर लिया गया है। लेकिन इस सबके बावजूद केंद्रीय स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय मुल्क के बच्चों की सेहत को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-2021) के आंकड़े बताते हैं कि इस समय मुल्क में लक्षित आयु वर्ग के 3.8 फीसद बच्चे अटीकाकृत हैं और 19.8 फीसद बच्चे आशिंक रूप से टीकाकृत हैं। आशिंक रूप से टीकाकृत व अटीकाकृत बच्चों पर जानलेवा रोगों व मौत की गिरफ्त में आने का खतरा मंडराता रहता है, जबकि अधिकांश जानलेवा रोगों की रोकथाम के लिए टीके उपलब्ध हैं। भारत सरकार अपने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मुल्क के 0-5 आयुवर्ग के बच्चों को 12 रोगों से रोकथाम वाले टीके मुफ्त में लगाती है। कोई भी बच्चा पीछे न छूटे, इस मंशा से केंद्रीय स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2014 में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम लांच किया और इसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिले। बाद में इसे सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) का नाम दिया गया। वर्ष 2021 में आईएमआई 3.0 के तहत मुल्क के 250 जिलों में उन दस लाख बच्चों को टीके लगाए गए जिन्होंने नियमित टीकाकरण के तहत टीके नहीं लगाए थे। इसी तरह वर्ष 2022 में आईएमआई 4.0 के तहत 416 जिलों में ऐसे 60 लाख बच्चों को टीके लगाए गए।

यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी का कहना है कि ' नियमित टीकाकरण कवरेज में प्रगति भारत में बच्चों के लिए स्वस्थ जीवन की उम्मीद लेकर आई है। यह सरकार के साक्ष्य आधारित कैच-अप अभियानों और प्रभावशाली प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और टीकाकरण संरचना के लाभाशों को दर्शाता है।' अब चालू वर्ष 2023 में आईएमआई 5.0 का लक्ष्य देशभर में 5 साल से कम आयु के ऐसे बच्चों व गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें टीके लगाना है जो टीकाकरण से छूट गए हैं व जिन्होंने अधूरे टीके लगवाए हैं। आईएमआई 5.0 का पहला चरण अगस्त, दूसरा सितंबर व तीसरा अक्तूबर में चलाने का कार्यक्रम तय किया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त कमिश्नर (टीकाकरण) डा. वीणा ध्वन ने हाल ही में एक मीडिया वर्कशॉप में पत्रकारों को बताया कि आईएमआई 5.0 में फोकस ज़ीरो डोज वाले बच्चों पर भी होगा। ज़ीरो डोज बच्चे, ऐसे बच्चे जिन्होंने अपनी पहली




डीटीपी टीके की डोज नहीं ली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत में 2021 में ज़ीरो डोज वाले बच्चों की संख्या 27 लाख थी जो 2022 में घटकर 11 लाख रह गई। बेशक ऐसे बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है पर इसके साथ यह रिपोर्ट इस तथ्य पर भी रोशनी डालती है कि 2022 में दुनिया के ऐसे दस देश जहां बच्चे सबसे अधिक अरक्षित हैं, यानी जीरो डोज वाले बच्चों की तादाद सबसे अधिक है, उनमें भारत तीसरे नंबर पर है। यह मुल्क के लिए अति चिंता की बात है।

इसके साथ ही यह भी गौरतलब है कि भारत सरकार ने मुल्क से खसरा व रूबेला उन्मूलन के लिए लक्ष्य दिसंबर 2023 तय किया है। दरअसल खसरा एक अत्याधिक संक्रामक बीमारी है, और इसका बढ़ना अक्सर टीकाकरण कवरेज संबंधी कमजोरियों को सामने लाता है। खसरा किसी भी मुल्क के टीकाकरण प्रणाली के मजबूत या कमजोर होने का एक संकेतक है। अक्सर देखा गया है कि जब टीकाकरण कवरेज कम होता है तो तब खसरा तेजी से फैलता है, जबकि खसरा की रोकथाम के लिए टीका उपलब्ध है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि खसरा के प्रभावशाली वैक्सीन ने बीते दो दशकों में 3 करोड़ बच्चों की मौत को टाला है। और चिंतनीय पहलू यह है कि प्रभावशाली टीका होने के बावजूद खसरा विश्वभर में बच्चों की मौत का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इसके नकारात्मक प्रभावों में अंधापन, निमोनिया व दिमाग में सूजन आदि है। भारत में 2022 में 95 प्रतिशत बच्चों को खसरा युक्त टीका(एमसीवी1) दी गई और एमसीवी2 की कवरेज दर 90 प्रतिशत है। इसके अलावा रूबेला भी एक संक्रमण है। यह बच्चों,किशोरों व महिलाओं को हो सकता है।

देश में खसरा व रूबेला उन्मूलन के लिए अभियान भी चलाए जा रहे हैं और एमआर वैक्सीन की दो डोज भी लगाई जा रही हैं। एमआर उन्मूलन के लिए एमआर वैक्सीन की दोनों डोज की कवरेज दर 95 फीसद होनी चाहिए और यही दर बराबर बनी रहनी चाहिए। यहां यह जिक्र करना भी जरूरी है कि भारत में कई जगहों पर टीकों को लेकर झिझक बनी हुई है, ऐसी जगहों पर स्वास्थ्य मंत्रालय स्थानीय प्रभावशाली हस्तियों से मदद लेने पर अधिक फोकस कर रहा है। इसके साथ ही मंत्रालय को उम्मीद है कि मीडिया भी टीकों के प्रति फैले अंधविश्वास व भ्रातियों के निराकरण में अपनी अहम भूमिका निभाएगा, जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत में मीडिया ने कोविड-टीकाकरण बावत लोगों को जागरूक किया था।

दरअसल निरंतर प्रगति और कैच-अप कार्यक्रम भारत में स्वास्थ्य प्रणाली को वंचित समुदायों के बच्चों तक पहुंचने, अंतिम छोर को कवर करने की क्षमता प्रदान करते हैं, यहां तक की मुश्किल जगहों पर भी। जीवन रक्षक टीकाकरण और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं लाखों बच्चों के लिए स्वस्थ विकास का वादा लाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व के उन देशों में से एक है, जहां टीकों के प्रति सबसे अधिक भरोसा है, यह टीकों के महत्व और टीका हिचक को संबोधित करने वाले भारत के प्रयासों की प्रभावशीलता पर रोशनी डालते हैं। टीकाकरण कार्यक्रम से जुड़े आला अधिकारियों को भरोसा है कि भारत दिसंबर 2023 तक खसरा-रूबेला उन्मूलन का लक्ष्य हासिल कर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करेगा। गौरतलब है कि 2014 में भारत के पोलियो-मुक्त देश का दर्जा पाने को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ' जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक ' बताया था। कोविड टीकाकरण में भी भारत ने कामयाबी हसिल की थी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### युवाओं की बढ़ती आत्महत्याओं का कारण पढ़ाई में हार

देश में युवाओं के बढ़ते सुसाइड के मामले में समाज की चिंताएं में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। आत्म हत्या करने वाले युवा विधार्थियो और बेरोजगार युवा की संख्या बढ़ती ही जा रही है। यह सभ्य समाज के लिए कठिन डगर है। माता पिता पर पड़ने वाला बोझ असमय उनको वृद्धावस्था की ओर धकेल रहा है। देश में युवाधन इस राह पर चल पड़ेगा यह तो किसी को पता नही था। विगत एक दशक से युवा पढाई का बोझ लेकर चिंता में रहता है। इसको केस के आधार पर डील किया जाता है। लेकिन कभी किसी में सतह पर जाकर आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास ही नही किया। लेकिन यह सर्वविदित है कि देश में युवाओ की मौत का असली कारण पढाई का बोझ और अभिभावकों का शिक्षा के लिए बढ़ता टॉर्चर कारणभूत है। जिसका कोई औचित्य नही है। *–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### आध्यात्मिक पर्यटन



जिसे आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में वर्णित किया जा सकता है, उसके लिए पुडुचेरी एक अद्भुत गंतव्य है। आध्यात्मिक पर्यटन तेजी से वैश्विक चलन बनता जा रहा है। इसमें इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को मजबूत बढ़ावा देने की क्षमता है।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### प्रतिक्रिया व्यक्त करें



यदि आप प्रतिक्रिया व्यक्त करने की स्थिति में हैं, तो जरूर करें वरना तो कोई भी और कुछ भी आपके जीवन का अपने नियंत्रण ले सकता है। सचेत प्रतिक्रिया ही आगे बढ़ने का रास्ता है। इसलिए प्रतिक्रिया जरूर व्यक्त करें।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### समर्थन की जरूरत



क्रिकेट प्रशंसकों से छोटा सा अनुरोध, भारतीय टीम को नजरअंदाज न करें। एकता दिखाएं, खिलाड़ियों पर व्यक्तिगत पसंद से विभाजित न हों। रोहित और द्रविड़ ने बुमराह जैसे सितारों के बिना भी बड़े टूर्नामेंट खेले हैं। विश्व कप घर आ रहा है, टीम को आपके समर्थन की जरूरत है।

-मोहम्मद कैफ, क्रिकेटर

### बहुत पसंद आया



दा नाइट मैनेजर को देखा। बेहतरीन शो है। सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन मेरे दोस्त अनिल कपूर अभिनेता के रूप में परिपक्व हो रहे हैं। आपका सुंदर सूक्ष्म और सशक्त प्रदर्शन बहुत पसंद आया।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में विद्यार्थियों की स्नातक डिग्री अटकी

ब्रिटेन में श्रम विवाद के कारण व्याख्याताओं ने परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने से इनकार कर दिया है जिससे हजारों विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री नहीं मिल पा रही है। हफ्सा यूसुफ पिछले सप्ताह स्नातक करने वाली थीं। अंग्रेजी साहित्य की छात्रा यूसुफ ने समारोह में भाग लेने के लिए 200 पाउंड खर्च करके 'ग्रेजुएशन गाउन' की व्यवस्था करने के साथ फोटोग्राफी तथा अपने परिवार के लिए टिकट का प्रबंध किया। लेकिन समारोह से ठीक दो हफ्ते पहले, लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने उन्हें एक ई-मेल भेजा जिसमें कहा गया कि ब्रिटेन में अकादमिक कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल के कारण अभी वह स्नातक की डिग्री हासिल नहीं कर सकेंगी। करीब 140 विश्वविद्यालयों के व्याख्याताओं ने वेतन और कामकाजी परिस्थितियों को लेकर विवाद के बीच उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने और पठन-पाठन गतिविधियों में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। यूसुफ ने कहा, 'मूल्यांकन प्रक्रिया का बहिष्कार किए जाने के कारण, मैं स्नातक होने में सक्षम नहीं हूं। हम सभी ने समय पर सभी शुल्क का भुगतान किया, बस दो सप्ताह पहले एक ई-मेल मिला कि आप समारोह में नहीं आ सकते।'



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
फोर्थ फ्लोर चिनार, इंक्यूब फार्चून सिटी
होशंगाबाद रोड, भोपाल
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## चलो रे मन श्रीवृंदावन धाम, मिलेंगे कुँज बिहारी...

**कथा में पंचम दिवस हुई गोवर्धन पूजा, सजी छप्पन भोग झाँकी**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल।** स्थानीय बंशी भवन में मधुर कार्ष्णि मण्डल के तत्वावधान में हो रही भागवत कथा के पंचम दिवस मधुर कार्ष्णि पीठ के पीठाधीश्वर जगदानन्द महाराज के कृपापात्र शिष्य भागवत भ्रमर रजनीशानन्द महाराज ने कृष्ण भगवान की बाल लीला,माखन चोरी एवं पूतना वध की कथा का वर्णन किया। महाराज ने बताया कि बृज वासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गोवर्धन पूजा प्रारंभ की तो इंद्र ने कुपित होकर सम्पूर्ण बृज मण्डल में अतिबृष्टि कर दी,भयभीत बृजवासियो ने कन्हैया से करुण पुकार की तब कन्हैया ने इंद्र अभिमान तोड़ने हेतु अपनी कनिष्ठा उँगली पर सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को ऊपर उठाकर बृजवासियो की रक्षा की,तभी से गोवर्धन पूजन की परंपरा चली आ रही है कथा में प्रसंग के अनुसार गोवर्धन पूजा की गई एवं छप्पन भोज गिरिराज को अर्पण किया। कृष्ण रूप में रिद्धि गोयल व बलदेव रूप में सिद्धि गोयल ने अनुपम रूप धारण करके गिरिराजजी को अपनी उंगली पर उठाते हुये जीवंत झांकी प्रस्तुत की। कदम भोग का प्रसाद तनसुखराय गजानन्द जिंदल के सौजन्य से वितरित किया गया।

पांचवे दिवस की कथा के मुख्य यजमान माणकचंद- कुसुम ड़ाणी,कांति लाल ड़ाणी,ओमप्रकाश,- भंवरीदेवी पालड़िया,अशोक-आशा पालड़िया ने भागवतजी का पूजन किया।

## गर्भवती महिलाओं को स्तनपान से होने वाले लाभ, जागरूक और स्तनपान के लिए प्रोत्साहित सप्ताह



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर 1 अगस्त से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह है . भारत विकास परिषद मीरा शाखा बीकानेर द्वारा आज संपन्न किया गया । 1 अगस्त से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह - भारत विकास परिषद मीरा शाखा अध्यक्ष ॠतु मित्तल जी ने बताया की इस प्रकल्प के तहत मीरा शाखा की डॉक्टर सदस्याओं डॉ दीप्ती डॉ कपिला डॉ स्वाति डॉ संतोष सुथार डॉ दीपा खत्री डॉ सोनिया गुप्ता छवि गुप्ता आदि ने गर्भवती महिलाओं को स्तनपान से होने वाले लाभ से जागरूक करायाऔर स्तनपान के लिए प्रोत्साहित किया ।

## नर्सेज का कार्‌य बहिष्कार, डॉक्टरों ने संभाली व्यवस्थाएं:राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** नर्सेज ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को जिला अस्पताल में गेट मीटिंग कर किया विरोध प्रदर्‌शन किया। नर्‌सेज के कार्‌य बहिष्कार और प्रदर्शन के चलते प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह के निर्देश पर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक सभी वार्‌डों में नर्सेज की जगह डॉक्टरों ने व्यवस्था संभाली।

11 सूत्री मांगों को लेकर नर्सेज का पिछले 5 दिनों से सुबह 2 घंटे का कार्‌य बहिष्कार चल रहा है। सुबह के समय बढ़ते मरीजों के दबाव को देखते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने सभी डॉक्टरों को वार्‌डों में रहकर मरीजों की देखरेख करने के निर्‌देश दिए थे। जिसके बाद सोमवार सुबह से ही 2 घंटे के लिए डॉक्टरों ने व्यवस्थाएं संभाली। दरअसल प्रदेश व्यापी आह्वान पर धौलपुर जिले में 3 अगस्त से भविष्य में संविदा व ठेका प्रथा पर रोक लगाने सहित 11 मांगों को लेकर नर्‌सेज यूनियन 2 घंटे के कार्‌य बहिष्कार पर है।

## धौलपुर के रास्ते राजस्थान पहुंची राष्ट्र चेतना यात्रा

**धौलपुर।** देश भर में निकाली जा रही राष्ट्र चेतना यात्रा सोमवार शाम को राजस्थान के धौलपुर जिले में पहुंची। देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने और सनातन धर्म की अलख जगाने के लिए राष्ट्र चेतना यात्रा लेकर निकले महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वर नाथ महाराज ने धौलपुर के रास्ते राजस्थान में प्रवेश किया। धौलपुर जिले में घंटाघर रोड स्थित मानस मंदिर पर सोमवार शाम सनातन सभा और राष्ट्रीय विचार मंच ने स्वामी हितेश्वर नाथ का स्वागत किया गया।

स्वामी हितेश्वर नाथ राजस्थान में प्रवेश से पूर्व मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तप्रदेश और महाराष्ट्र में राष्ट्र चेतना यात्रा निकाल चुके हैं। सोमवार को धौलपुर के राष्ट्रीय राजस्थान में पहुंची राष्ट्र चेतना यात्रा करौली, सवाईमाधोपुर, बारां, झालावाड़ के रास्ते उदयपुर होते हुए 25 अगस्त को जयपुर पहुंचेगी। इस दौरान यात्रा प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जाकर लोगों में सनातन धर्म को लेकर अलख जगाएगी।

खैरथल तिजारा नए जिले का स्थापना समारोह मनाया

# जनता और शासन के बीच दूरी होगी कम वही अब विकास को लगेंगे नए पंख : मंत्री टीकाराम जूली







सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/ अलवर ।** नवसृजित जिला खैरथल-तिजारा का स्थापना समारोह कार्यक्रम आज कृषि उपज मण्डी परिसर खैरथल में आयोजित हुआ जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आमजन को लाइव सम्बोधित किया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों को नए जिलों का तोहफा ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि नए जिलों के सृजित होने से प्रदेश में विकास की गति को बढावा मिलेगा साथ ही आमजन की सुविधाओं में भी इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि नए जिलों में तीव्र गति से जिले से संबंधित आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा प्रदेशवासियों को राहत पहुंचाने की रही है तथा इसी सेवा भावना के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है। राजस्थान कृषि आयोग के उपाध्यक्ष एवं किशनगढबास विधायक दीपचंद खैरिया ने राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए कहा कि नवीन जिला निश्चित तौर पर क्षेत्रवासियों के विकास के नये आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि सुदुर गांवों में बसे आमजन को अब प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्य हेतु स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, रामगढ विधायक सफिया जुबेर खान, तिजारा विधायक संदीप यादव, सरस डेयरी चेयरमेन विश्राम गुर्जर, नगर पालिका चेयरमेन हिम्मत सिंह चौधरी, प्रधान बीपी सुमन व विनोद कुमारी सांगवान, जिला कलक्टर अलवर पुखराज सेन, खैरथल-तिजारा के विशेषाधिकारी ओमप्रकाश बैरवा, पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा, आईपीएस सुरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी गंगाराम मीना, जिला परिषद के सीईओ कनिष्क कटारिया, मौलवी हजरत साहबुदीन, करतार सिंह, गोविन्द गिरी, विजय सेवक, रोहिताश चौधरी, अजीत यादव, गिरिश डाटा, हरिशंकर रावत, गंगाराम पटेल, कविता यादव, हरिश रोगा, तेजराम सैनी, ओमप्रकाश रोगा, अम्मू खान, नरेन्द्र सिंह, दिनेश खामरा, रिपुदमन गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

राजीव गाँधी ग्रामीण एवं शहरी ओलिंपिक खेल प्रतियोगिता में प्रदेश सचिव पीसीसी-ओबीसी ने की शिरकत

# खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करने पहुंचे प्रदेश सचिव पीसीसी-ओबीसी

### ग्रामीणों व स्टाफ सदस्यों ने प्रदेश सचिव पीसीसी-ओबीसी का किया स्वागत





सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाए जा रहे राजीव गाँधी ग्रामीण एवं शहरी ओलिंपिक खेल प्रतियोगिता के दौरान सोमवार को ग्राम सामोद, म्हार- कलां, बासा, कानपुरा में खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करने के लिए कैलाश राज प्रदेश सचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी खेल मैदान पहुंचे।

वहां पहुंचकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर प्रदेश सचिव ने ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, कभी भी खिलाड़ी को हार से निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि आगे बढ़ते हुए समाज व देश का नाम रोशन करना चाहिए। बच्चों का खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता में लड़के ही नहीं, अपितु बालिकाएं भी जोरो-शोरो से हिस्सा ले रही है ?। जो की एक बहुत प्रसन्नता की बात है। अंत में प्रदेश सचिव सैनी का सभी ग्राम वासियों एवं स्टॉफ सदस्यों ने सम्मान किया। अंत में प्रदेश सचिव सैनी ने सभी ग्राम वासियों व स्टॉफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## ऑपरेशन सुरक्षा चक्र 2023 (मार्शल आर्ट) आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आगाज





सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर जिला प्रशासन, जिला पुलिस विभाग व पीएसटी मार्शल आर्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में जिले की विभिन्न स्कूल व कॉलेज की छात्राओं के लिये "ऑपरेशन सुरक्षा चक्र आत्मरक्षा (मार्शल आर्ट) का प्रशिक्षण का आगाज आज दिनांक 07 अगस्त से विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में किया गया। महारानी सुदर्शना महाविद्यालय में एनएसएस की इकाइयों के सहयोग से शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ इंद्रा गोस्वामी, टेक्निकल डायरेक्टर रेन्शी प्रीतम सैन के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनोद कुमारी, डॉ हिमांशु कांडपाल, डॉ अंजू सांगवा व सुनीता बिश्नोई उपस्तिथ थे। "ऑपरेशन सुरक्षा चक्र 2023" आत्मरक्षा (मार्शल आर्ट) प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन छात्राओं को टू फिंगर अटेक, जेब एंड क्रॉस, हिजा गेरी अटैक तथा विपरीत परिस्थितियों में जोर से आवाज निकालने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया सेंसेई सोनिका सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में 700 से अधिक छात्राए भाग ले रही है। इस शिविर मे एकेडमी के प्रशिक्षित दस ब्लैक बेल्टस व सह प्रशिक्षको द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उज्जवल भविष्य की कामना...

## आवासन आयुक्त ने स्थानांतरित सचिव को दी विदाई

**सचिव को स्थानांतरण पर विदाई देते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ किया भेंट**

**नए सचिव एवं उप सचिव के आगमन पर दी शुभकामनाएं**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल के बोर्ड रूम में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मण्डल सचिव अल्पा चौधरी को स्थानांतरण पर विदाई दी गई वहीं नवनियुक्त सचिव बृजेश कुमार चांदोलिया और उप सचिव राजेंद्र सिंह चांदावत के आगमन पर बधाई और शुभकामनाएं भी दी गईं। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने इस अवसर पर मण्डल सचिव अल्पा चौधरी को स्थानांतरण पर विदाई देते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। वहीं नवनियुक्त सचिव और उप सचिव को बुके देकर नये दायित्व की शुभकामनाएं दी।

अरोड़ा ने सचिव की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने परिवार की तरह कार्य करते हुए मंडल को ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, मनोज गुप्ता, संदीप गर्ग, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, मुख्य सम्पदा प्रबंधक दीपाली भगोतिया, राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ सिंह, संघ के महामंत्री प्रदीप शर्मा सहित मण्डल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत गतिविधि आधारित शिक्षक प्रशिक्षण के तीन चरण संपन्न

### ब्लॉक के 561 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण








सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षा में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का 6 दिवसीय गैर आवासीय एफ एलएन शिक्षक प्रशिक्षण के तीन चरणों का समापन समारोह ग्रामीण उद्गम शाला बिजौली में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दाऊ दयाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त उपनिदेशक मुकेश गर्ग ,सहायक परियोजना समन्वयक विशाल गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार गोयल उपस्थित रहे। शिविर प्रभारी एवं आर पी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि ब्लॉक के 561 शिक्षकों को तीन चरण में दिनांक 17 जुलाई 2023 से 7 अगस्त 2023 तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का 6 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। भारद्वाज ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक कक्षाओं पर विशेष फोकस किया गया है ।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण कराने के बारे में विभिन्न विधाओं के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। सी बी ई ओ दाऊ दयाल शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को पढ़ाने के स्थान पर बच्चों को सिखाने पर जोर देना चाहिए वर्तमान समय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का है, इसलिए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की योजना एवं पद्धतियों पर शिक्षकों को कार्य करना चाहिए मुख्य अतिथि कृष्णा कुमारी ने समस्त संभागीय से लग्न एवं मेहनत के साथ बच्चों को शिक्षा देने तथा विभागीय कार्यों को समय पर संपन्न करने के निर्देश दिए विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार गर्ग ने सुशिक्षित बचपन एवं सुरक्षित बचपन तथा संस्कारित शिक्षा पर वार्ता संभागीय को दी विशाल गुप्ता एवं महेश कुमार गोयल ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न सिद्धांतों को समझाया तथा एफ एल एन की अवधारणा से संभागीयों को परिचित कराया ।समापन समारोह में मास्टर ट्रेनर संदीप शर्मा, विजेंद्र सिंह ,हरि सिंह धाकड़ ,सत्येंद्र स्वामी, बाबूलाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा सहित व्यवस्थापक के रूप में प्रभाव कुमार शर्मा ,होरीलाल ,विनोद कुमार मीणा सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के एम्स में आग, इमरजेंसी सेवा बंद



**नई दिल्ली।** एम्स अस्पताल के एंडोस्कोपी रूम में आग लग गई है। वार्ड से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 6 गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग आपातकालीन वार्ड के ऊपर एंडोस्कोपी कक्ष में दोपहर करीब 12 बजे लगी। इसके बाद अस्थाई रूप से इमरजेंसी वार्ड बंद कर दिया है। मरीजों को सफदर जंग अस्पताल जाने की सलाह दी जा रही है।

### चीतों को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई बंद



**नई दिल्ली।** कूनो में चीतों की मौत का मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चीता प्रोजेक्ट केंद्र पर छोड़ दिया है। कोर्ट ने सुनवाई बंद की। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस प्रशांत मिश्रा की पीठ ने आदेश में कहा कि 11 एक्सपर्ट कमेटी काम कर रही है। चार विशेषज्ञ है। एक विशेषज्ञ प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है कि दुनिया भर में चीता संरक्षण के विशेषज्ञों से सलाह नहीं ली जा रही है।

### चेतन की 11 अगस्त तक बढ़ाई गई रिमांड



**मुंबई।** जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के बी5 कोच के भीतर अपने सहयोगी, आरपीएफ सहायक उप-निरीक्षक टीकाराम मीना और 3 अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने वाले रेलवे सुरक्षा बल कांस्टेबल चेतन सिंह की पुलिस रिमांड सोमवार 11 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। मुंबई की एक अदालत ने सुनवाई करते हुए रिमांड बढ़ाने का आदेश दिया।

### 23 नेताओं ने गुमाम नबी का साथ छोड़ा



**नई दिल्ली।** सोमवार सुबह राहुल गांधी की सांसदी बहाल हो गई तो वहीं दोपहर में जम्मू कश्मीर के 23 नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। यह सभी नेता पहले कांग्रेस में थे लेकिन किन्हीं कारणों से उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में ये 23 नेता फिर से कांग्रेस में शामिल हुए। बता दें कि यह सभी नेता आजाद की पार्टी आप में पार्टी शामिल थे।

### जातीय गणना पर रोक से कोर्ट का इनकार



**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने जातीय गणना पर पटना हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। बिहार में जातीय गणना पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रोक लगाने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक सुनवाई नहीं होती है तक कोई रोक नहीं लगेगा। इस मामले में अब अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। हालांकि इससे पहले बिहार में जातीय गणना की प्रक्रिया को तेजी के साथ पूरी की जा चुकी है।

### क्या गाय को राष्ट्रीय पशु माना जाए,मिला जवाब



**नई दिल्ली।** भाजपा के लोकसभा सांसद भागीरथ चौधरी ने सोमवार को संसद में सवाल किया है कि क्या सरकार 'गौमाता' (गाय) को 'राष्ट्रीय पशु' के रूप में मान्यता देने का इरादा रखती है। एक लिखित प्रश्न में केंद्रीय संस्कृति मंत्री से जवाब चाहा था। जिनमें यह भी शामिल था। उनके सवाल के लिखित उत्तर में सोमवार को संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के पंचायती राज परिषद का उद्घाटन किया

# पीएम मोदी ने पंचायती राज को लेकर कांग्रेस पर कसा तंज, कहा- 'कभी नहीं बनाया सशक्त, बस कागजों पर दिखाई बाजीगरी'

*पीएम ने भाजपा के पंचायती राज परिषद का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए कहा कि लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी पंचायती राज को कभी सशक्त नहीं बनाया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के पंचायती राज परिषद का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए एक बार फिर कांग्रेस पर बेहद जबरदस्त हमला किया है।

पीएम मोदी ने सोमवार को हरियाणा के सूरजकुंड में भाजपा के दो दिवसीय क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद सम्मेलन की शुरूआत करते हुए कहा कि देश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी पंचायती राज को कभी सशक्त नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बाजीगरी तो केवल कागजों पर सीमित थी, जिसका सबसे ताजा उदाहरण जम्मू-कश्मीर है।

**पंचायतों पर कब्जा करके खूब जमकर भ्रष्टाचार किया**

**आज देश के गांव आधुनिक हो रहे हैं**



**सबसे ज्यादा अनदेखी पंचायतों की हुई**

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि आज देश के गांव आधुनिक हो रहे हैं लेकिन कांग्रेस के राज में सबसे ज्यादा अनदेखी पंचायतों की हुई। ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने अपने राज में पंचायतों को भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा अड्डा बना दिया था। उनके लोगों ने पंचायतों पर कब्जा करके खूब जमकर भ्रष्टाचार किया और सरकारी योजनाओं को कागज पर चलाकर पैसे अपने जेब में भर लेते थे।

#### कांग्रेस राज में योजनाएं कागजों पर चलती थी

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस राज में योजनाएं कागजों पर कैसे चलती थीं, इसका सबसे ताजा और बड़ा उदाहरण जम्मू-कश्मीर में मिलता है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई गई तो और उसके बाद ही वहां पर पंचायतों के चुनाव हुए। कई दशकों के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार जमीनी लोकतंत्र स्थापित हुआ है।

**देश विकसित हो रहा है**

कश्मीर में लगी धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में पहली बार ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के चुनाव हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अब वहां 33 हजार से ज्यादा स्थानीय जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए। पहली बार वहां जमीनी स्तर पर लोकतंत्र स्थापित हुआ है।

**विकास को कोसों पीछे ढकेला**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी आजादी के चार दशकों तक नहीं समझ पाई कि गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करना कितना महत्वपूर्ण है। उसने जिला पंचायत प्रणाली को भी उसके हाल पर छोड़ दिया। जिसने देश के विकास को कोसों पीछे ढकेल दिया।

---

## दिल्ली सेवा बिल पर संसद की मुहर, राज्यसभा में 102 के मुकाबले 131 मतों से पारित

# दिल्ली में मुख्यमंत्री नाम का, असली 'बॉस' एलजी ही

लोकसभा पहले ही कर चुकी है पास, सदन ने बिल को चयन समिति के पास भेजने के प्रस्ताव को किया खारिज

संसद से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा, मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा

> केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि कई बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली में भाजपा की सरकार थी कई बार केंद्र में भाजपा की सरकार थी तो दिल्ली में कांग्रेस की उस समय ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर कभी झगड़ा नहीं हुआ। उस समय इसी व्यवस्था से निर्णय होते थे और किसी मुख्यमंत्री को दिक्कत नहीं हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सेवाओं से जुड़ा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 सोमवार को संसद से पारित हो गया। राज्यसभा ने 102 के मुकाबले 131 मतों से पारित कर दिया। मतदान से पहले वोटिंग मशीन खराब हो गई और पर्चियों के जरिये मत विभाजन कराया गया। बिल अब राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा। मतदान के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व्हील चेयर पर आए थे। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसे लाने का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी में प्रभावी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन है। यह विधेयक किसी भी तरह से सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन नहीं करता। शाह ने कहा कि 2015 से पहले दिल्ली में भाजपा और कांग्रेस की सरकारें थीं, लेकिन केंद्र के साथ कभी टकराव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने संविधान में संशोधन कर संसद को सेवाओं सहित सभी विषयों पर दिल्ली के लिए कानून बनाने की शक्ति दी थी। लेकिन अब वह सिर्फ आम आदमी पार्टी को खुश करने के लिए विधेयक का विरोध कर रही है। कांग्रेस को लोकतंत्र पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

**शाह बोले**

- दिल्ली में सुचारू रूप से भ्रष्टाचार मुक्त शासन सरकार का लक्ष्य
- मणिपुर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार
- कांग्रेस के विरोध के बाद आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ



#### सीएम दो सचिवों के नीचे आएगा यानी सचिव फैसला करेगा: सिंघवी

कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ये बिल संघीय ढांचे के खिलाफ है। इसके बाद मुख्यमंत्री दो सचिवों के नीचे आएगा यानी सचिव फैसला करेगा और मुख्यमंत्री देखेगा। सभी बोर्डों, कमेटियों के प्रमुख सुपर सीएम यानी गृह मंत्रालय से ही बनाए जाएंगे। सिंघवी ने कहा इस बिल का मकसद डर पैदा करना है, जो लोग इसका समर्थन कर रहे हैं या समर्थन करने की घोषणा कर चुके हैं, उन्हें यह सोचना चाहिए कि सबका नंबर आ सकता है।

#### लोगों के अधिकार छीनने के लिए नहीं बिल

अमित शाह ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सेवा विधेयक आपातकाल लगाने या लोगों के अधिकार छीनने के लिए नहीं लाया गया है। हम दिल्ली के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह विधेयक लाए हैं। दिल्ली में आप सरकार ने सतर्कता विभाग में अधिकारियों का तबादला कर दिया था क्योंकि शराब घोटाले की फाइलें उसके पास थीं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, आप सरकार ने सतर्कता विभाग में तत्काल तबादलों का आदेश दिया क्योंकि यह सीएम हाउस के नवीनीकरण सहित घोटालों की जांच



कर रहा था। आप सरकार नियमित रूप से दिल्ली कैबिनेट की बैठकें तक नहीं बुलाती। 2022 में केवल छह बैठकें ही हुईं, जिनमें से तीन बजट पर थीं और 2023 में अब तक केवल दो बैठकें हुई हैं। शाह ने कहा कि दिल्ली सेवा विधेयक इसलिए लाया गया क्योंकि आप सरकार नियमों का पालन नहीं करती। शाह ने कहा, अगर और अधिक पार्टियां भी आइएनडीआइए में शामिल हो जाएं तो भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि 2024 में नरेन्द्र मोदी ही फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और उसके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। विपक्ष ही चर्चा से भाग रहा है। सरकार 11 अगस्त को भी मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है।

**दिल्ली के सीएम केजरीवाल बोले**

### भाजपा को अब दिल्ली की जनता जवाब देगी

बिल पास होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। वे बोले- संसद में अमित शाह ने कहा कि हमारे पास कानून पारित करने की शक्ति है। आपको लोगों के लिए काम करने की शक्ति दी गई है, उनके अधिकार छीनने की नहीं। इससे साफ जाहिर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि मैं सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानता। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को जिताकर साफ कहा है कि दिल्ली में दखलंदाजी मत करना, लेकिन मोदी जी जनता की बात नहीं सुनना चाहते हैं। मैं जो भी करता हूं दिल्ली की जनता उसमें मेरा समर्थन करती है और उन्होंने मुझे चुनाव में जीत दिलाकर अपना समर्थन दिखाया है। भाजपा सिर्फ हमारे अच्छे काम को रोकने की कोशिश कर रही है। वे विकास कार्य में बाधा डाल रहे हैं। वे मुझे काम करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इस बार जनता उन्हें कोई भी सीट नहीं जीतने देगी।



**संसद को कानून बनाने का अधिकार: सुधांशु**

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि संसद को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा- आप ने पंजाब और दिल्ली से कांग्रेस को साफ कर दिया, गुजरात में वोट हाफ कर दिया, फिर भी कांग्रेस ने इनको माफ कर दिया।

---

**11 सितंबर को अगली सुनवाई**



### बच गई सांसदी, दो साल की सजा-जुर्माना पर रोक

**आगरा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व इटावा से सांसद राम शंकर कठेरिया को सजा के मामले में दाखिल अपील को सत्र न्यायालय ने स्वीकृत कर लिया। विशेष मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा शनिवार को सुनाई गई दो वर्ष की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माने को स्थगित कर दिया है। मामले में सुनवाई के लिए जिला जज ने 11 सितंबर की तिथि तय की है। सांसद के अधिवक्ताओं की ओर से सजा के विरुद्ध जिला जज की अदालत में अपील दाखिल की गई थी। जिस पर दोपहर बाद सुनवाई के बाद अपील को स्वीकृत करते हुए सत्र न्यायालय ने सजा और जुर्माना स्थगित कर दिया। मामले में अगली सुनवाई अब 11 सितंबर को नियत की गई है।

**ये था मामला**

नवंबर 2016 में साकेत माल स्थित टोरेंट के कार्यालय में मैनेजर से मारपीट और बलवे के आरोप में आगरा के तत्कालीन सांसद (वर्तमान में इटावा) राम शंकर कठेरिया के विरुद्ध हरीपर्वत थाने में अभियोग दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने राम शंकर कठेरिया के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय मे दाखिल किया था। विशेष मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट ने उन्हें बलवा और मारपीट को दोषी माना था। कोर्ट ने सांसद को वर्ष की सजा और 50 हजार जुर्माने से दंडित किया था।

---

**अमेरिकी अखबार का बड़ा खुलासा**

## मोदी विरोधी 'न्यूज क्लिक' को चीन से की गई फंडिंग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चर्चित न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक का चीनी कनेक्शन सामने आया है। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के विदेशी कनेक्शन का खुलासा किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने 5 अगस्त 2023 को ये रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में शिकागो को शंघाई से जोड़ने वाले एक विशाल वित्तीय नेटवर्क का खुलासा किया गया है। अमेरिकी अखबार के मुताबिक यह नेटवर्क कथित तौर पर वैश्विक स्तर पर चीनी प्रचार को बढ़ा रहा है।

**चीनी इशारे पर काम करते हैं**

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक नेविल रॉय सिंघम के साथ मैसाचुसेट्स में एक थिंक टैंक, मैनहटन की एक संस्था, दक्षिण अफ्रीका में एक राजनीतिक दल, भारत और ब्राजील में समाचार संगठन सहित कई ग्रुप जुड़े हैं, जो कि चीनी इशारे पर काम करते हैं। अमेरिकी दैनिक अखबार लिखता है कि नेविल रॉय सिंघम के बारे में अटकलें ट्विटर पर स्व-वर्णित फासीवाद-विरोधी लोगों के बीच उभरीं।

उनके बाद न्यू लाइन्स और दक्षिण अफ्रीकी खोजी आउटलेट में रिपोर्टें आईं। सिंघम से जुड़े एक समाचार संगठन पर चीनी सरकार से संबंध रखने का आरोप लगाते हुए छापा मारा था। अमेरिकी अखबार लिखता है कि नई दिल्ली में कॉरपोरेट फाइलिंग से पता लगा है।

**मैंने जिंदगी में एक प्लॉट भी नहीं खरीदा**

## गहलोत ने पीएम पर कसा तंज बोल- वे क्या मुझसे बड़े फकीर



**जयपुर।** राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि क्या वो हमसे बड़े फकीर हैं? गहलोत ने नए जिलों के उद्घाटन समारोह के दौरान बिड़ला ऑडिटोरियम में कहा कि मैंने अपनी जिंदगी में एक प्लॉट और फ्लैट भी नहीं खरीदा। मैंने एक ग्राम सोना नहीं खरीदा। क्या वो (पीएम) मुझसे बड़े फकीर होंगे? गहलोत ने पीएम मोदी के चश्मे पर भी सवाल उठाए और कहा कि उनका चश्मा ढाई लाख का है? मुझसे क्या सुनना चाहते हैं वो? गहलोत ने ये भी कहा, 'पीएम मोदी का जो बयान है, उससे ऐसा लगता है कि वो हिन्दुओं के प्रधानमंत्री हैं, केवल भाजपा के प्रधानमंत्री हैं।'

---

**नूंह हिंसा में 150 आरोपी चिह्नित किए गए**

## छापेमारी: यूपी और राजस्थान में छिपे हैं नूंह हिंसा के आरोपी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के आरोपी इस समय भूमिगत हो गए हैं। नूंह हिसा के आरोपियों की तलाश में इस समय खुफिया एजेंसियां और हरियाणा पुलिस छापेमारी कर रही है। नूंह हिंसा के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ को लगाया गया है। हरियाणा के नूंह हिंसा में 150 आरोपी चिह्नित किए गए हैं। अब इन सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए एसटीएफ लगाई गई है। नूंह हिंसा के करीब 150 आरोपी राजस्थान और यूपी में छिपे हैं। हरियाणा सरकार ने हरियाणा पुलिस की एसटीएफ को हिंसा के सभी आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदारी सौंपी है।

**200 आरोपी अभी तक गिरफ्तार**



जानकारी है कि करीब 100 आरोपी राजस्थान और उत्तर प्रदेश में छिपे हुए हैं। नूंह हिंसा के करीब 200 आरोपी अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि 100 के आसपास हिरासत में हैं। एसटीएफ को अब बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी का जिम्मा सौंपा गया है। मेवात में हिंसा करने के बाद फरार हुए आरोपी अब एसटीएफ के रडार पर हैं। हरियाणा के नूंह में हिंसा के सैकड़ों आरोपी अभी फरार हैं। हरियाणा पुलिस के पास करीब 100 आरोपियों के राजस्थान और यूपी में जाकर छिपे होने की सूचना है।


---

**डाटा प्रोटेक्शन बिल लोकसभा से पास**

## नियम तोड़ने पर लगेगा कम से कम 50 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को डाटा प्रोटेक्शन बिल पास हो गया।



डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 को ध्वनिमत से लोकसभा में पारित किया गया। इस बिल के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं पर न्यूनतम 50 करोड़ रुपए और अधिकतम 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**सोशल मीडिया की मनमानी नहीं चलेगी**

डाटा प्रोटेक्शन बिल के लागू होने के बाद सरकार सोशल मीडिया कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगा सकेगी। जब भी कोई कंपनी किसी शख्स की निजी जानकारी को इकट्ठा करना चाहेगी तो इसके लिए उसे संबंधित व्यक्ति से इजाजत लेनी होगी। इस बिल के तहत किसी के व्यक्तिगत डेटा को तभी लिया जा जा सकता है जब संबंधित व्यक्ति ने इसके लिए सहमति दी हो। हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मामलों में इसके लिए अनुमति की जरूरत नहीं होगी।

---

**कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी में चौथे दिन एएसआई की टीम का सर्वे जारी**

एएसआई ने अपनी 42 सदस्यीय टीम को बांटा है

**हिंदू पक्ष ने कहा सर्वे से संतुष्ट**

## संरचना और वास्तुकला का विस्तृत वैज्ञानिक नजर से हो रहा अध्ययन,आएगी विस्तृत रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में लगातार चौथे दिन सोमवार को भी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम का सर्वे कर रही है।

सावन के पांचवें सोमवार पर बाबा विश्वनाथ के दरबार में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए निर्धारित समय की वजाय वैज्ञानिक सर्वेक्षण कार्य के लिए एएसआई की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्वाह्न 11.30 बजे ज्ञानवापी पहुंची, जहां कड़ी की सुरक्षा की के बीच सर्वे किया जा रहा है।

**चार टीमें अलग-अलग हिस्सों का कर रहीं सर्वे**



गौरतलब हो कि ज्ञानवापी के सर्वे में अब तक गुंबद के भीतरी, बाहरी और उसके आसपास मिले धार्मिक आकृतियों की फोटो और वीडियोग्राफी कराने के साथ मैपिंग भी हुई है। टीम ने मस्जिद के कंगूरों का अध्ययन किया और इसकी बनावट आदि की मैपिंग की है। ज्ञानवापी परिसर के अंदर एएसआई की चार टीमों ने अलग-अलग हिस्सों में दीवारों, छत, ताखा व खंभों पर अंकित चित्रों को देखा। साथ ही उनके आकार, प्रकार को रिकॉर्ड में दर्ज कर वीडियोग्राफी भी कराई गई। एएसआई टीम को गुंबदों के सर्वे के दौरान गोलाकार छत में नागर शैली की डिजाइनें मिली हैं। ज्ञानवापी के हॉल में तीनों गुंबद की डिजाइनों की भी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई।

**इंतजामिया कमेटी कर रही सहयोग**

उधर हिन्दू पक्ष के ही अधिवक्ता वकील सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि सर्वे का काम चल रहा है। सर्वे में अंजुमन इंतजामिया कमेटी भी सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि आज गुंबद के पास सर्वे होगा। रविवार को भी वहां जांच हुई थी। हिन्दू पक्ष की वादिनी मंजू व्यास ने पत्रकारों को बताया कि सर्वे से हम संतुष्ट हैं। टीम अच्छे से अपना काम कर रही है।

**पूरे परिसर का हो रहा सर्वे**

दरअसल, चौथे दिन एएसआई की टीम तीनों गुंबद की थ्रीडी इमेजिंग, मैंपिग के साथ डिजिटल नक्शे में फोटोग्राफ को शामिल करेंगी। टीम को ज्ञानवापी परिसर की सभी चाबियां मिल गई हैं। गुंबद और सीढ़ी का ताला खुलवाकर सर्वे कार्य किया गया। वहीं हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के मुताबिक सर्वे सुबह 11 बजे शुरू हुआ और दोपहर 12:30 बजे तक चला, फिर यह दोपहर 2:30 से शाम पांच बजे तक चला। उन्होंने कहा कि यह एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण है और अधिवक्ता आयोग के सर्वेक्षण से अलग है। यह सोचना गलत है कि हर दिन कुछ नया मिलेगा क्योंकि संरचना और वास्तुकला का विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन हो रहा है। जब एएसआई की रिपोर्ट आएगी तब हमें निष्कर्ष का पता चलेगा। उन्होंने कहा कि एएसआई की रिपोर्ट में दूध का दूध का पानी का पानी सब कुछ आ जाएगा। पूरे परिसर का सर्वे हो रहा है। एएसआई ने अपनी 42 सदस्यीय टीम को बांटा है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# टी-20 : आज वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला

## मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में बनाई है 2-0 की बढ़त

एजेंसी ▸▸ प्रोविडेंस

वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीसरी हार और श्रृंखला गंवाने से बचने के लिये भारतीय बल्लेबाजों को मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में बेखौफ प्रदर्शन करना होगा। यहां की धीमी पिचें बल्लेबाजी के अनुकूल नहीं रही हैं लेकिन जैसा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने रविवार को कहा, भारत को 10-20 अतिरिक्त रन बनाने के तरीके तलाशने होंगे। भारत को आखिरी बार द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज ने 2016 में हराया था। यहां पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती दो मैच हारने के बाद भारत 0-2 से पीछे है।

### आक्रामकता भूले बल्लेबाज

*टी20 प्रारूप में बल्लेबाजों को पहली गेंद से ही आक्रामक खेलना पड़ता है लेकिन अभी तक भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज ईशान किशन, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ऐसा नहीं कर पाए हैं। इससे संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव बना है। वर्मा ने हालांकि शानदार पदार्पण करके पिछले दोनों मैचों में उम्दा पारियां खेली। इस साल फोकस वनडे विश्व कप पर होने के बीच गिल, ईशान और सूर्यकुमार को 31 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप से पहले रन बनाने होंगे।*



### गेंदबाज दे रहे रन

*भारत का बल्लेबाजी क्रम छठे नंबर तक ही है और सातवें नंबर पर हरफनमौला अक्षर पटेल उतर रहे हैं। फॉर्म में चल रहे स्पिनर कुलदीप यादव अंगूठे में सूजन के कारण रविवार को नहीं खेल सके और अभी यह देखना होगा कि वह फिट होते हैं या नहीं। गेंदबाजों खासकर स्पिनरों को निकोलस पूरन के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा। पूरन ने युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई का सहजता से सामना किया। पिछले मैच में अक्षर को गेंदबाजी का मौका नहीं दिया गया। हार्दिक और अर्शदीप को दूसरे मैच में स्विंग मिली थी और यही दोनों गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे।*



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ईशान किशन , शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल,कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मायर्स, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेस, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, शाइ होप, अकील हुसैन, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, ओबेद मैकॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशाने थॉमस।

## खबर संक्षेप



### भारत की अगुवाई करेंगे शेट्टी और हुड्डा

**नई दिल्ली।** उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा अमेरिका में 25 सितंबर से होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत की 16 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम का चयन दिल्ली में 26 से 29 जुलाई के बीच हुए ट्रायल में किया गया। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक बयान में कहा, 'ट्रायल काफी प्रतिस्पर्धी था और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए ट्रायल अनिवार्य किए जाने के बाद से कई नए चेहरे आए हैं।

### सनराइजर्स ने विटोरी को बनाया मुख्य कोच

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने पूर्व दिग्गज ब्रायन लारा के साथ दो सत्र तक चले गठबंधन को तोड़कर न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। यह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी का आईपीएल में दूसरा कोचिंग कार्यकाल होगा। उन्होंने इससे पहले 2014 से 2018 तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को कोचिंग दी थी। विटोरी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के सहायक कोच के तौर पर काम किया है।



### लाबुशेन वनडे विश्व कप टीम से बाहर

**सिडनी।** मार्नस लाबुशेन को भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की 18 सदस्यीय प्रारंभिक टीम से बाहर कर दिया गया है। लाबुशेन आस्ट्रेलिया की पिछली वनडे टीम में थे जिसने भारत में तीन मैच खेले थे। जनवरी 2020 में आस्ट्रेलिया टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 30 वनडे खेल चुके हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा और हरफनमौला आरोन हार्डी टीम में नए चेहरे हैं । इस 18 सदस्यीय टीम में से विश्व कप के लिए अंतिम 15 का चयन किया जाएगा।



### पीसीबी में इंजमाम बने मुख्य चयनकर्ता

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक को दोबारा अपना मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया। पूर्व कप्तान इंजमाम का मुख्य चयनकर्ता के रूप में यह दूसरा कार्यकाल होगा। इंजमाम ने इससे पहले 2016 से 2019 के बीच मुख्य चयनकर्ता की भूमिका निभाई थी। विश्व कप 1992 विजेता टीम के सदस्य इंजमाम ने पिछले हफ्ते वेतनभोगी चयनकर्ता बनने पर हामी भरी थी। इंजमाम ने 120 टेस्ट में 25 शतक और 46 अर्धशतक की मदद से 49.60 की औसत से 8830 रन बनाए।



विश्व कप

# इंग्लैंड ने जीता 'नॉकआउट' मुकाबला, नाइजीरिया बाहर

*पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से दर्ज की जीत*

एजेंसी ▸▸ ब्रिसबेन

लाल कार्ड दिखाकर मुकाबले से बाहर की गई स्टार खिलाड़ी लॉरेन जेम्स की गैरमौजूदगी में इंग्लैंड ने सोमवार को यहां नाइजीरिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर महिला फुटबॉल विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह प्री क्वार्टर मुकाबला नियमित और अतिरिक्त समय के बाद गोल रहित बराबर था जिससे नाइजीरिया के पास नौ प्रयास में महिला फुटबॉल विश्व कप में पहली बार नॉकआउट मुकाबला जीतने का मौका था। लेकिन यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए पेनल्टी किक में 4-2 से जीत दर्ज की।

स्वीडन ने रविवार को पेनल्टी शूटआउट में गत चैंपियन अमेरिका को हराकर बाहर कर दिया था जिससे इंग्लैंड खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। इंग्लैंड को हालांकि नाइजीरिया के डिफेंस के खिलाफ मौके बनाने के लिए जूझना पड़ा। इंग्लैंड शनिवार को सिडनी में होने वाले क्वार्टर फाइनल में कोलंबिया और जमैका के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगा।



### लॉरेन वीएआर समीक्षा के बाद बाहर

*इंग्लैंड की मुसीबत निर्धारित समय का खेल खत्म होने से पांच मिनट पहले तब और बढ़ गई जब स्टार फारवर्ड लॉरेन को वीएआर समीक्षा के बाद लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया। डिफेंडर मिशेल एलोजी के खिलाफ फाउल के बाद रैफरी मेलिसा बोर्जास ने शुरुआत में लॉरेन को पीला कार्ड दिखाया था लेकिन बाद में उन्हें लाल कार्ड दिखाया गया क्योंकि रीप्ले में दिखा कि इंग्लैंड की खिलाड़ी ने दोबारा खड़ा होने पर डिफेंडर पर पैर रखकर हिंसक व्यवहार किया था। ब्रिटिश मीडिया ने तुरंत इसकी तुलना फ्रांस में 1998 विश्व कप में अर्जेंटीना के डिएगो शिमोन को किक करने के लिए डेविड बेकहम के लाल कार्ड से की। लाल कार्ड का मतलब है कि लॉरेन कम से कम एक मैच नहीं खेल पाएंगी।*

# भगत-कदम ने जीता स्वर्ण पदक कृष्णा, मानसी भी बनीं चैंपियन



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल टीम प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने इंग्लैंड के शेफील्ड में चार देशों के पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3-एसएल4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भगत ने एकल एसएल3 वर्ग में भी रजत पदक हासिल किया।

इसके अलावा मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास के साथ रजत पदक जीता। कदम ने एकल एसएल4 वर्ग में कांस्य पदक जीता। भगत और कदम ने भारत के ही दीप रंजन बिसोयी और मनोज सरकार को 21-17, 21-17 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। एकल में भगत इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से हार गए।

मिश्रित युगल में भगत और रामदास को इंडोनेशिया के हिकमत रमदानी और लीनी रात्रि ने 21-17, 21-17 से हराया। कदम को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान ने 17-21, 21-15, 21-16 से हराया। अन्य भारतीयों में कृष्णा नागर ने एसएच6 वर्ग में स्वर्ण जीता जबकि मानसी जोशी और टी मुरुगेसन ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में स्वर्ण हासिल किया।

### नित्याश्री को रजत पदक


*नित्याश्री ने महिलाओं के एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता जबकि पुरुषों के एसएल3-एसएल4 वर्ग में दीप रंजन और मनोज, चिराग बरेथा और राज कुमार विजयी रहे। रामदास ने महिलाओं के एसयू 5 वर्ग में कांस्य पदक जीता। कृष्णा नागर और नित्याश्री ने मिश्रित युगल एसएच6 वर्ग में कांस्य हासिल किया। प्रेम कुमार आले और तुर्की की एमिइन सेकिन ने मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 वर्ग में कांस्य पदक जीता।*

# कोको गॉफ ने जीता डीसी ओपन खिताब

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका की 19 वर्ष की कोको गॉफ ने मारिया सक्कारी को 6-2, 6-3 से हराकर डीसी ओपन खिताब जीत लिया जो उनके डब्लूटीए टूर कॅरियर का चौथा एकल खिताब है। राजधानी में इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के महिला वर्ग में गॉफ सबसे युवा विजेता बनी।

फ्रेंच ओपन 2022 उपविजेता गॉफ ने एक भी सेट नहीं गंवाया और चार मैचों में महज 19 गेम हारी। वहीं 33 वर्ष के डैन इवांस पुरूष वर्ग में 1988 के बाद सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। उन्होंने आंधी तूफान के कारण दो घंटे से अधिक विलंब से खेले गए फाइनल में टालोन ग्रीकस्पूर को 7-5, 6-3 से हराया। जिम्मी कोनोर्स ने 1988 में 35 वर्ष की उम्र में यह खिताब जीता था।



### कोच दीपक को एशियाई परिसंघ से मिली प्रशंसा

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी टीम से जुड़े सीनियर राइफल कोच दीपक कुमार दुबे को श्रीलंका और इंडोनेशिया में शीर्ष निशानेबाजों और कोचों के लिए एशियाई युवा और कोचिंग शिविर आयोजित करने के लिए एशियाई निशानेबाजी परिसंघ से प्रशंसा मिली है। ओलंपियन राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार की सफलता के सूत्रधार रहे दुबे ने कोलंबो में (20 से 28 जून) और जकार्ता में (एक से 11 जुलाई) शिविर का आयोजन किया। एएससी ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ और भारतीय खेल प्राधिकरण से उनकी सेवाओं का अनुरोध किया था।



### मेसी के गोल से इंटर मियामी की चौथी जीत ...

फ्रिस्को। लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के लिए लगातार तीसरे मैच में दो गोल किया जिसके दम पर उनकी टीम ने लीग्स कप फुटबॉल में एफसी डलास को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हरा दिया। मेसी ने छठे और 85वें मिनट में फ्रीकिक पर गोल दागा। इस जीत से इंटर मियामी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है जहां उसका सामना चार्लोट एफसी और ह्यूस्टन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सात बार के बलोन डिओर विजेता और अर्जेंटीना की विश्व कप जीत के नायक मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए चारों मैचों में गोल किए और इस टूर्नामेंट में उनके नाम सात गोल हो गए हैं।



### हमेशा खराब नहीं रहेगा औसत : क्रेग

**चेन्नई।** पेनल्टी कॉर्नर गोल में तब्दील नहीं कर पाना मौजूदा एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की बड़ी समस्या रहा है। फुल्टोन ने खुशी जताई कि उनकी टीम फील्ड गोल कर रही है। मलेशिया को 5-0 से हराने के बाद उन्होंने कहा, 'हमने डिफेंस में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे आक्रमण को भी धार मिली। हमने फील्ड गोल किए जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। जहां तक पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करने का सवाल है तो कभी कभी खराब दिन रहता है लेकिन यह हमेशा नहीं रहता। हमने आज संतुलित प्रदर्शन किया।'



12 को चुनाव, उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी


# करतार डब्लूएफआई उपाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अपने जमाने के दिग्गज पहलवान करतार सिंह उन पांच उम्मीदवारों में शामिल हैं जो भारतीय कुश्ती महासंघ के 12 अगस्त को होने वाले चुनाव में उपाध्यक्ष के चार पदों के लिए दौड़ में हैं। बैंकाक (1978) और सियोल (1986) में स्वर्ण पदक जीतने वाले करतार पूर्व में डब्लूएफआई के महासचिव रह चुके हैं और उन्हें कई वर्षों का प्रशासनिक अनुभव है।

उनके अलावा उपाध्यक्ष पद की दौड़ में असित कुमार साहा (बंगाल), जय प्रकाश (दिल्ली), मोहन यादव (मध्य प्रदेश) और एन फोनी (मणिपुर) शामिल हैं। अध्यक्ष पद के लिए डब्लूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के वफादार संजय कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश) और राष्ट्रमंडल खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण के बीच सीधा मुकाबला होगा। पता चला है कि 38 वर्षीय अनीता को बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित उन छह पहलवानों का समर्थन हासिल है जिन्होंने बृजभूषण के खिलाफ जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन किया था।

दिलचस्प बात यह है कि अनीता बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में गवाह भी है। इन चुनावों के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एमएम कुमार ने सोमवार को जो आधिकारिक सूची जारी की उसके अनुसार संयुक्त सचिव के दो पदों के लिए चार जबकि कार्यकारी समिति के पांच पदों के लिए सात उम्मीदवार मैदान में हैं।



### बृजभूषण गुट ने भरे नामांकन

बृजभूषण गुट ने सभी 15 पदों के लिए नामांकन भरे हैं और रिपोर्टों के अनुसार वह कई प्रमुख पदों पर जीत के दावेदार हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए बृजभूषण गुट के आईडी नानावटी और असम के देवेंद्र कादियान के बीच मुकाबला होगा। असम कुश्ती संघ को मतदाताओं की सूची में शामिल कर दिया गया था। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित की गई तदर्थ समिति ने असम को इस सूची में शामिल करने को मंजूरी दी थी।

# मलेशिया ने जापान को एसीटी में 3-1 से हराया



एजेंसी ▸▸ चेन्नई

मलेशिया ने जापान की आखिरी क्षणों में वापसी करने की कवायद को नाकाम करते हुए सोमवार को यहां 3-1 से जीत दर्ज की और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। मलेशिया की तरफ से नजमी जाज़लान (13वें मिनट, पेनल्टी कॉर्नर), अशरन हमसानी (37वें) और शेलो सिल्वरियस (59वें मिनट) ने गोल दागे। जापान ने गोल करने के कई मौके गंवाए। उसके लिए एकमात्र गोल निवा ताकुमा ने 59वें मिनट में किया।इस जीत से मलेशिया के तीन जीत और एक हार से नौ अंक हो गए हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारत को सस्ती दर पर कच्चे तेल की आपूर्ति, हर बैरल पर 15 से 20 डॉलर की हुई बचत

## रूस-यूक्रेन युद्ध का असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी यूरोप में करीब डेढ़ साल से जंग छिड़ी हुई है और अब तक उसका कोई नतीजा सामने नहीं आया है। हालांकि रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध से कुछ देशों को फायदा हो रहा है, जिनमें भारत भी शामिल है। भारत को युद्ध शुरू होने के बाद से रियायती दर पर कच्चे तेल की आपूर्ति मिल रही है। जून महीने के दौरान तो यह फायदा और बढ़ गया, जब रूस से मिल रहा कच्चा तेल डेढ़ साल में सबसे सस्ता हो गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, रूस से भारत आ रहे कच्चे तेल की औसत कीमत जून महीने के दौरान सबसे कम हो गई। यह कीमत महज 68.17 डॉलर प्रति बैरल रह गई, जिसमें ढुलाई की लागत भी शामिल है। रूस से आने वाले कच्चे तेल की औसत कीमत इससे पहले मई महीने के दौरान 70.17 डॉलर प्रति बैरल बैठ रही थी।

पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंध से भारत को रूस से पिछले डेढ़ साल से सस्ते भाव पर कच्चा तेल मिल रहा है। यह जून में और सस्ता हो गया, जोकि पिछले डेढ़ साल में सबसे कम भाव है।



### दो महीने से कम हो रहा है आयात

युद्ध शुरू होने के बाद से चीन के साथ-साथ भारत भी रूस के सस्ते कच्चे तेल का फायदा उठा रहा है और उसके सबसे बड़े खरीदारों में एक बना हुआ है। केपलर के आंकड़ों के अनुसार, रूस से भारत का कच्चा तेल आयात पिछले 2 महीने से कम हो रहा है। अगस्त महीने में इसमें और कमी आने के अनुमान हैं। हालांकि केपलर के आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर से आयात फिर से बढ़ रहा है।

### इराक से भी खरीदा कच्चा तेल

भारत अपनी ऊर्जा संबंधी जरूरतों पर बड़े हद तक आयात पर निर्भर है। भारत अपनी कुल जरूरत का 88 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत अभी रूस के अलावा इराक और सऊदी अरब से भी ठीक-ठाक मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है। जून महीने के दौरान भारत को इराक का कच्चा तेल 67.10 डॉलर प्रति बैरल के भाव पड़ा, जबकि सऊदी अरब के कच्चे तेल का भाव 81.78 डॉलर प्रति बैरल पड़ा।

### पहले 100.48 डॉलर प्रति बैरल का भाव तय था

भारत को जून में रूस से कच्चा तेल कितना सस्ता पड़ा, उसके लिए आंकड़ों को देखना जरूरी है। जून महीने में अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास चल रहा था, जिसमें ढुलाई का खर्च शामिल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय बाजार के भाव की तुलना में भारत को हर बैरल पर 15 से 20 डॉलर की बचत हुई। वहीं साल भर पहले भारत को रूस से ही 100.48 डॉलर प्रति बैरल के भाव से कच्चा तेल मिल रहा था। इस तरह देखें तो साल भर में भारत को मिल रहे कच्चे तेल के भाव में डेढ़ गुने की गिरावट आई।

### पश्चिमी देशों ने लगाई कई पाबंदियां

रूस ने पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला बोल दिया था। उसके बाद से दोनों पूर्वी यूरोपीय देशों के बीच युद्ध जारी है। यूक्रेन को अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देश सपोर्ट कर रहे हैं। इसके चलते अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस के ऊपर कई आर्थिक पाबंदियां लगा दी हैं। रूस के कच्चे तेल पर भी पाबंदी लगाई गई है। पश्चिमी देशों ने रूस के कच्चे तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल का कैप लगा दिया है। हालांकि कच्चे तेल की मात्रा पर कोई सीमा नहीं है।

## खबर संक्षेप

### उड़ने के दो मिनट में ही क्रेश हुआ चीनी विमान



**ढाका।** श्रीलंका में वायु सेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है। श्रीलंका वायु सेना के कमांडर एयर मार्शल उडेनी राजपक्षे ने कहा कि चीन का पीटी-6 विमान का इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए किया जाता था। विमान ने सुबह 11:25 बजे उड़ान भरी और 2 मिनट के बाद ही ये दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक पायलट और एक इंजीनियर की मौत हो गई। वायु सेना कमांडर एयर मार्शल उडेनी राजपक्षे ने घटना जांच के लिए विशेष समिति नियुक्त की है।

### नए भर्ती हो रहे डॉक्टरों में सबसे अधिक भारतीय



**लंदन।** ब्रिटेन में भर्ती हो रहे नए विदेशी डॉक्टर और नर्सों में सबसे अधिक हिस्सेदारी भारतीयों की है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में माइग्रेशन ऑब्जर्वेटरी की रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन में नए भर्ती किए गए विदेशी डॉक्टरों में से 20 फीसदी भारत से संबंध रखते हैं वहीं, नर्स की संख्या 46 फीसदी है। इस लिस्ट में भारत के बाद क्रमशः नाइजीरिया, पाकिस्तान और फिलीपींस का नंबर आता है। माइग्रेशन ऑब्जर्वेटरी के निदेशक डॉ मेडेलीन सिम्पसन ने कहा कि विदेशी भर्तियों पर इतना अधिक निर्भर रहना जोखिम भी लाता है।

### 110 साल की सऊदी महिला बनी स्कूल स्टूडेंट



**रियाद।** सऊदी अरब में 110 साल की उम्र वाली बुजुर्ग स्टूडेंट महिला का नवाद अल कहतानी सरकार के स्पेशल एजुकेशन प्रोग्राम का हिस्सा हैं। इसके तहत किसी भी उम्र के लोग सरकारी स्कूल जाकर बेसिक एजुकेशन हासिल कर सकते हैं। नवाद के 4 बेटे हैं। सबसे बड़े बेटे की उम्र 80 और सबसे छोटे की उम्र 50 साल है। सभी बच्चे मां को इस उम्र में भी तालीम हासिल करते देख रहे हैं और बेहद खुश हैं। तीसरे नंबर का बेटा उन्हें स्कूल छोड़ने जाता है और छुट्टी होने के बाद लेकर आता है।

## भारतीय सीमाएं होंगी और अधिक सुरक्षित, ऊंचाई वाले क्षेत्रों की बढ़ेगी निगरानी

# स्वदेशी रूप से विकसित स्वाति माउंटेन रडार भारतीय सेना में किए गए शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की युद्धक्षेत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित हथियार लोकेटिंग रडार (डब्ल्यूएलआर-एम) के हल्के और अधिक कॉम्पैक्ट संस्करण को शामिल किया है, जिसे 'स्वाति माउंटेन' कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के आगरा में हुए एक समारोह में सेना स्टाफ (डीसीओएएस) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेबी चौधरी ने रडार प्रणाली को हरी झंडी दिखाई। देश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के लिए भारतीय सेना ने स्वाति माउंटेन राडार को अपने पर्वतीय निगरानी बेड़े में शामिल किया है। यह राडार पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युद्ध के मैदान में छोटे प्रोजेक्टाइल का पता लगाने और ट्रैक करने में सक्षम है। उप सेना प्रमुख (सीडी एंड एस) लेफ्टिनेंट जनरल जेबी चौधरी ने राडार प्रणाली को हरी झंडी दिखाई, जो सेना की युद्धक्षेत्र निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेगी।

> पर्यावरणीय परिस्थियों को ध्यान में रखकर भारतीय सेना ने आत्मनिर्भर होते हुए नया रडार विकसित किया है। इसे सेना ने पर्वतीय निगरानी बेड़े में शामिल किया है। यह रडार सेना की युद्धक्षेत्र निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेगा।

### खास बातें

- हल्का और कॉम्पैक्ट है यह रडार
- छोटे प्रोजेक्टाइल का पता लगाने और ट्रैक करने में सक्षम
- उन्नत सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीकों का किया गया उपयोग



**स्वदेशी रूप से विकसित है 'स्वाति माउंटेन'** — देश की युद्धक्षेत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित हथियार लोकेटिंग रडार (डब्ल्यूएलआर-एम) के हल्के और अधिक कॉम्पैक्ट संस्करण को शामिल किया है, जिसे 'स्वाति माउंटेन' कहा जाता है।

### स्वाति रडार के हैं दो संस्करण

स्वाति रडार के दो संस्करण स्वाति मैदान (डब्ल्यूएलआर) और स्वाति पर्वत (डब्ल्यूएलआर-एम) हैं। मैदानी संस्करण को मुख्य रूप से शत्रु बंदूकों, मोर्टारों और रॉकेटों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मैदानी इलाकों पर सुधारात्मक उपायों के लिए मित्रवत हथियारों से शॉट के गिरने को भी ट्रैक कर सकता है। दूसरी ओर सेना में शामिल किये गए स्वाति माउंटेन रडार अधिक कॉम्पैक्ट और मोबाइल संस्करण है, जिसे विशेष रूप से पहाड़ी और उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है।

### एडवांस तकनीक का प्रयोग

इसे बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने विकसित किया है। आधुनिक सेनाओं के लिए विकसित वेपन लोकेटिंग राडार (डब्ल्यूएलआर) दुश्मनों के तोपखाने, मोर्टार और रॉकेट लॉन्चरों का स्वायत्त रूप से पता लगाने और ट्रैक करने के लिए उन्नत सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीकों का उपयोग करता है। यह रडार पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युद्ध के मैदान में छोटे प्रोजेक्टाइल का पता लगाने और ट्रैक करने में सक्षम है। डब्लूएलआर को दुश्मन की हथियार प्रणालियों के बारे में जानकारी लेने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपायों के प्रतिरोध को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

### 9,100 करोड़ रुपए से अधिक होंगे खर्च

रक्षा मंत्रालय ने 30 मार्च 2023 को भारतीय सेना के लिए उन्नत आकाश हथियार प्रणाली और 12 स्वाति माउंटेन रडार की खरीद के लिए 9,100 करोड़ रुपए से अधिक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले साल भारतीय सेना ने छह अतिरिक्त स्वाति डब्ल्यूएलआर-एम का ऑर्डर दिया था। स्वाति प्लेन्स रडार के लिए हाल ही में दिए गए ऑर्डर को शामिल करने के साथ भारतीय सेना जल्द ही कुल 48 ऐसी प्रणालियों का संचालन करेगी।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा

# एलएसी विवाद के समाधान को लेकर बातचीत जारी, जल्द होगी अगली बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के बीच करीब तीन साल से अधिक समय से पूर्वी लद्दाख में जारी विवाद को लेकर बातचीत रुकी नहीं है। बल्कि एलएसी के बाकी बचे हुए विवादित इलाकों का समाधान निकालने के लिए जल्द ही अगले दौरे की बैठक होगी। गलवान, पैंगोंग त्सो में कुछ समाधान के साथ प्रगति हुई है। एलएसी पर चुनौतियों से निपटने की क्षमता साल दर साल बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ जटिलताएं हैं। दोनों पक्ष समाधान तलाशने पर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि एलएसी विवाद के समाधान को लेकर चीन से बातचीत जारी है, कूटनीति में समय लगता है। दोनों देशों के बीच 2020 के मध्य से एलएसी पर विवाद जारी है। समाधान के लिए दोनों देशों के बीच कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक बैठकें हो चुकी हैं। इसके बाद भी एलएसी पर विवाद जारी है। दोनों पक्षों के बीच इसी साल 23 अप्रैल को 18वें दौर की सैन्य कमांडर बैठक हुई थी। विवाद जून 2020 के मध्य में गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प के बाद अपने चरम पर पहुंच गया था। जिसके बाद दोनों देशों ने एलएसी पर हथियारों के साथ सैनिकों की तादाद बढ़ाई थी।

### भूटान के साथ रेल लिंक पर चर्चा जारी

जयशंकर ने एलएसी विवाद के अलावा भूटान, नेपाल और म्यांमार से जुड़े हुए मुद्दों पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भूटान और असम के बीच रेल मार्ग बनाने को लेकर बातचीत जारी है। भूटान पर्यटकों के लिए और अधिक प्वाइंट खोलने के लिए बहुत उत्सुक है। यह असम के लिए भी बहुत अच्छा है। जहां तक भूटान-चीन वार्ता का सवाल है। वह बातचीत कर रहे हैं। जिसके 24 दौर पूरे हो चुके हैं। अभी वह लोग और बातचीत कर सकते हैं। हम उनकी वार्ता के भारत पर पड़ने वाले प्रभाव के मद्देनजर उस पर नजर बनाए हुए हैं।

### मजबूत होता सीमा पर बुनियादी ढांचा

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले नौ सालों में सीमाओं पर बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसमें उत्तरी सीमा के इलाके भी शामिल हैं। चीन के संबंध में बड़ा प्रयास हमारी सीमा पर बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना है। क्योंकि उन्होंने 2014 के बाद से बजट में 400% की वृद्धि की ओर इशारा किया है। इससे चीनी सेना की प्रतिस्पर्धा और गश्त बढ़ गई है। सशस्त्र बलों और नागरिकों के लिए गतिशीलता में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

### कैलाश मानसरोवर के लिए बढ़ता ढांचा

कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर जयशंकर ने कहा कि इसे लेकर ढांचा विकसित किया जा रहा है। लेकिन वहां पर एक सुरंग की आवश्यकता है। इसे लेकर सीमा सड़क संगठन योजना के साथ काम कर रहा है। लेकिन चीन की तरफ से अभी तक पुरानी प्रक्रिया पर लौटने को लेकर कोई संकेत नहीं मिला है।

## तालिबान ने झाड़ा पल्ला

# पाक में आतंकी संगठन अल कायदा और टीटीपी हुए साथ

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाक में कुख्यात आतंकवादी संगठन अलकायदा ने एक तस्वीर जारी करते हुए कहा है कि उसके आतंकवादी असीम की पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के बारा इलाके में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान अलकायदा आतंकवादी असीम मारा गया। यही बात पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान ने भी बाकायदा पोस्टर जारी कर कही है। इससे अल कायदा द्वारा तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों पर मुहर लग गई है। जो साबित करती है कि दोनों आतंकवादी संगठनों एक हो गए हैं।



### तालिबान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री ने जारी किया बयान

अफगान तालिबान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक बयान जारी कर आतंकवादी संगठन टीटीपी से किनारा करने की कोशिश की। कार्यवाहक रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने कहा कि अगर कोई जेहाद के इरादे से अफगानिस्तान से बाहर जाता है तो उसके काम को जेहाद नहीं कहा जा सकता है।

# चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच ऑस्ट्रेलिया करेगा मालाबार युद्धाभ्यास का आयोजन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।

हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच ऑस्ट्रेलिया पहली बार मालाबार युद्धाभ्यास का आयोजन करेगा। इसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई समुद्र में इसी महीने 11 अगस्त से होगी और समापन 21 अगस्त को होगा। युद्धाभ्यास में क्वाड समूह के सभी चारों देशों अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं शामिल होंगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 10 दिवसीय इस युद्धाभ्यास के जरिए क्वाड देशों के बीच समुद्री गतिविधियों के बीच आपसी समझ और सामंजस्य में इजाफा होगा। इसके अलावा समूह देशों के एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों पर आधारित हिंद प्रशांत के गठन के विचारों को भी बढ़ावा मिलेगा। यहां बता दें कि चीन मालाबार युद्धाभ्यास का लगातार विरोध करता रहा है। उसका कहना है कि इसके जरिए अमेरिका की अगुवाई में समूह के बाकी देश क्षेत्र में चीन को उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि मालाबार से जुड़े देश ड्रैगन के इस दावे को साफ तौर पर सिरे से खारिज करते हैं।



## विदेशियों को भारत में मिल रहा सस्ता इलाज

# भारत ने विश्व के टीकाकरण केंद्र के रूप में पहचान बनाई

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि विदेशियों को भारत में सस्ता इलाज मिल रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में सरकार बनाने के बाद से लाए गए कई अग्रणी स्वास्थ्य सुधारों और सक्षम प्रावधानों के कारण संभव हुआ है। इससे पहले भारत शायद ही किसी निवारक स्वास्थ्य सेवा के लिए जाना जाता था, लेकिन आज भारत को विश्व के टीकाकरण केंद्र के रूप में पहचाना जाता है, जिसने डीएनए कोविड वैक्सीन, विश्व का पहला इंट्रा-नेज़ल कोविड वैक्सीन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम के लिए 'सर्वावैक ( सीईआरवीएवीएसी)' के पहले स्वदेशी रूप से विकसित टीके का उत्पादन किया है।

### भारत के पास कई अन्य टीके उपलब्ध



*डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि विभिन्न बीमारियों के लिए कई अन्य टीके भी उपलब्ध हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत विश्व की सबसे अच्छी स्वास्थ्य बीमा योजना है और इसकी परिकल्पना करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। यह संभवतः विश्व की एकमात्र ऐसी स्वास्थ्य बीमा योजना है जो बीमा सुरक्षा मांगने का विकल्प प्रदान करती है।*

### आयुष्मान से 10 करोड़ लोगों को मिला लाभ

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना लाकर भारत अब स्वास्थ्य सेवा वितरण की क्षेत्रीय और विभाजित सोच से निकलकर व्यापक आवश्यकता-आधारित स्वास्थ्य देखभाल सेवा की ओर बढ़ गया है। आयुष्मान योजना 10 करोड़ 70 लाख से अधिक गरीब और कमजोर वर्ग के उन परिवारों (लगभग 50 करोड़ लाभार्थी) को दूसरे और तीसरे चरण के इलाज और दवाओं पर होने वाले खर्च के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराती है।


## ओमीक्रॉन का नया वेरिएंट है एरिस

# ब्रिटेन में तेजी से फैल रहा है कोविड का नया वैरिएंट एरिस

एजेंसी ▶▶ लंदन

एरिस या ईजी.5.1 नाम का एक नया कोविड वैरिएंट ब्रिटेन में चिंता का नया कारण बन रहा है। यह पूरे ब्रिटेन में तेजी से फैल रहा है। शुरु में इसे एक वैरिएंट के रूप में पहचाना गया। एरिस ओमिक्रॉन स्ट्रेन का एक वेरिएंट है। अब यह दूसरा सबसे फैलने वाला वैरिएंट बन गया है, जो हर 10 में से एक कोविड मामले के लिए जिम्मेदार है। इस नए कोविड वैरिएंट से कोरोना संक्रमण में बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है, जब देश अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या बढ़ने से जूझ रहा है। खराब मौसम और लोगों की कमजोर होती इम्यूनिटी ने इसे और बढ़ा दिया है।

### एरिस के हैं पांच लक्षण



एरिस को कुछ लक्षण मूल ओमीक्रॉन स्ट्रेन से विरासत में मिले हैं। इसके पांच बड़े लक्षण हैं, नाक बहना, सिर दर्द, थकान (हल्की या गंभीर), छींक आना और गला खराब होना। कमजोर प्रतिरक्षा और खराब मौसम के कारण ब्रिटेन में कोरोना की एक और घातक लहर आ सकती है। लगातार बारिश के मौसम से कोविड मामले बढ़े हैं।

### कोविड की बड़ी लहर आने की आशंका

चिकित्सा विशेषज्ञों ने ओमिक्रॉन, आर्कटुरस और एरिस के सबवैरिएंट से कोविड की एक और बड़ी लहर आने की आशंका की चेतावनी दी है। एरिस के संक्रमण के मामले विशेष रूप से एशियाई इलाकों में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके बाद यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी एरिस के पनपने के तरीके की बारीकी से निगरानी कर रही है। हर हफ्ते ब्रिटेन के लगभग 11.8 फीसदी कोविड मामलों की पहचान एरिस संक्रमण के रूप में की गई थी। ताजा आंकड़ों में यह चिंताजनक 14.6 फीसदी तक पहुंच गया है। इसके कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने निगरानी के लिए वैरिएंट की अपनी सूची में ईजी.5.1 जोड़ लिया है।

## गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाक पर नई आफत

## अमेरिका के सामने झुका पाकिस्तान

# ईरान की रोकी गैस परियोजना

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

> पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना पर तब तक आगे नहीं बढ़ पाएगा, जब तक ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से राहत नहीं मिल जाती।

पाकिस्तान, ईरान के साथ हुए गैस पाइपलाइन समझौता पर फंसता हुआ नजर आ रहा है। इस समझौते के अनुसार पाकिस्तान को 2024 तक ईरान से गैस पाइपलाइन परियोजना को पूरा करना था। परियोजना को पूरा करने में पाक दोनों तरफ से फंसा है। अगर वह इस परियोजना को पूरा नहीं करता है तो उसे उसे ईरान को भारी-भरकम जुर्माना भरना होगा। वहीं, अगर पाक गैस पाइपलाइन को बनाता है तो उसे अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान ने पड़ोसी ईरान से सस्ती ऊर्जा आयात करने के लिए अरबों डॉलर की गैस पाइपलाइन परियोजना को अस्थायी रूप से अमेरिका के दबाव में रोक दिया है। ईरान के साथ गैस पाइपलाइन योजना से पाकिस्तान को सस्ती गैस मिलनी थी, लेकिन ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते पाकिस्तान इस परियोजना से फिलहाल पीछे हट गया है पाकिस्तान तब तक इस परियोजना पर आगे नहीं बढ़ पाएगा, जब तक ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से राहत नहीं मिल जाती या फिर अमेरिका चुपचाप, पाकिस्तान को इसकी मंजूरी नहीं दे देता। ऐसे में गैस पाइपलाइन का काम रुकना उसके लिए बड़ा झटका है।

### भारत परियोजना से अलग हुआ

इस परियोजना की शुरुआत में भारत-पाकिस्तान-ईरान गैस पाइपलाइन के रूप में कल्पना की गई थी, लेकिन बाद में, भारत ने खुद को इस परियोजना से अलग कर लिया था।



### आईएमएफ से लोन के लिए बात कर रहा पाकिस्तान

*पाक इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे में 3 अरब डॉलर के लोन के लिए पाक सरकार की आईएमएफ से बातचीत चल रही है। आईएमएफ से डील में कोई परेशानी न हो, इसलिए पाक प्रोजेक्ट से बाहर निकल गया।*

### नेशनल असेंबली को दी जानकारी

पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्यमंत्री मुसादिक मलिक ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में इस समझौते से बाहर आने की जानकारी दी। मुसादिक ने कहा कि ईरान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इस समझौते को रोका गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की समय सीमा तय नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com